जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

**Rashtradoot**

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, शुक्रवार 29 दिसम्बर, 2023


# पुष्य नक्षत्र पर 5 लाख की गारंटी

## 3 दिन में 5 लाख रेट बढ़ेगी

FIXED PRICE GUARANTEED

NO MIDDLE-MEN

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

89% SOLD OUT

11% UNITS LEFT

## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL

| बड़ी-बड़ी कोठी बड़े-बड़े फ्लैट | | आज की रेट | जनवरी '24 की रेट | पजेशन की रेट | पजेशन के बाद रेंटल POSSESSION DEC. 2025 |
|---|---|---|---|---|---|
| यूनिट टाइप | साइज | | | | |
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 54 LACS | 56.25 LACS | 67.50 LACS | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 60 LACS | 62.50 LACS | 75 LACS | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 66 LACS | 68.75 LACS | 82.50 LACS | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 72 LACS | 75 LACS | 90 LACS | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 84 LACS | 87.50 LACS | 105 LACS | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 120 LACS | 125 LACS | 150 LACS | 50,000 |



KEDIA®

1800-120-2323

78770-72737

info@kedia.com

www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in

RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
- LOCATION
- ROUTE MAP
- SITE 360 TOUR
- E-BROCHURE
- WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है। सत्य मेरा भगवान है, अहिंसा उसे पाने का साधन। - महात्मा गांधी**

# नई सुबह आयेगी, देश को महंगाई, बेरोजगारी और कर्ज़ की चुनौती से पार पाना है

इसमें कोई शंका नहीं है, भारत विकास की ओर बढ़ रहा है। उसकी आर्थिक स्थिति गरीबी के होते हुये भी अन्य देशों की अपेक्षा अच्छी है। यद्यपि प्रत्येक नागरिक पर 1.84 लाख रूपये का कर्जा है। गत सप्ताह में 6 लाख करोड़ रूपये का कर्जा बढ़ा है। राजस्थान में प्रति व्यक्ति कर्जा 71,109/-रूपये है। भारत ने संसार के देशों को नेतृत्व दिया है। वह जी-20 का अध्यक्ष है और कॉप-20 में उसकी भूमिका प्रशंसनीय रही है। भारत के आव्हान करने पर विकसित देशों ने आतंकवाद को समाप्त करने के हेतु उचित कदम उढाये हैं और गम्भीर चिंता अभिव्यक्त की है। भारत ने बीड़ा उठाया है कि वह देश में भ्रष्टाचार और आतंकवाद को खत्म करके ही रहेगा। भारत महिलाओं को पुरूष के समान अधिकार देकर, एक नये युग का प्रारम्भ किया है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने सच ही कहा है कि कोई भी देश महिलाओं की उपेक्षा कर आगे नहीं बढ़ सकता। केन्द्र की चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना ने गरीबों को मुक्त इलाज की सुविधा प्रदान की है। राजस्थान में नई सरकार के गढ़न के बाद केन्द्र की समानान्तर योजना आयुष्मान भारत चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना के कार्ड बनाना प्रारम्भ कर दिया है। एक देश एक चुनाव 2029 से लागू करने का संकल्प केन्द्र सरकार ने लिया है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट विधि आयोग को दी है। यदि सभी दल चुनाव कराने को राजी हो गये तो 2029 से यह लागू होगा। संविधान ने अनुच्छेद 47 में शराब बंदी की बात कही है; किन्तु गुजरात, उत्तराखण्ड़ व बिहार के अलावा किसी भी राज्य ने शराब बंदी नहीं की है। देश अजीब स्थिति में है। एक ओर संविधान शराब बंदी की बात करता है और देश के कई राज्य शराब की आय पर अपना राज्य चलाना चाहते हैं। भारत एक कल्याणकारी राज्य है और अनुच्छेद 47 के संबंध में देश के महान विधिवेत्ता, जूरिस्ट और सुप्रीम कोर्ट के जज रहे जस्टिस कृष्णा अय्यर ने अपने निर्णय में यह कहा है कि कल्याणकारी राज्य को शराब की आय से चलाना अनैतिक है। देश में फ्री बिज का चलन हुआ है अतः शराब की आय से वे अपना कोष बढ़ाना चाहते हैं। दिल्ली में वर्तमान में केजरीवाल की आप पार्टी का राज है, जिसने सरकारी कोष बढ़ाने के शराब की नदी बहादी है और आरोप है कि शराब के ठेके देने में केजरीवाल की 'आप' सरकार के महत्वपूर्ण मंत्रियों ने बहुत बड़ी धनराशि ठेकेदारों से प्राप्त की है। सरकार के मंत्री मनी लॉन्डरी में लिप्त हैं। कोर्ट में मंत्रियों के विरूद्ध केस चल रहा है। कोर्ट से एक मंत्री की जमानत अभी तक नहीं हुई है। दिल्ली वाले कितनी शराब पीते हैं यह इस तथ्य से आंका जा सकता है कि गुडगांव में गत 6 माह में 1842 करोड़ के जाम छलके हैं। पूरे देश में यदि शराब बंदी की जावे तो एक वर्ष में जनता व सरकार का जितना धन बचेगा जिससे 30 करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेगा, 5000 विश्वविद्यालय खोले जा सकते हैं व 20 लाख किलोमीटर सड़क बनाई जा सकती है। 95 प्रतिशत नारी उत्पीड़न कम होगा। 50 प्रतिशत सड़क दुर्घटनायें कम होंगी। कोरोना ने देश को महान संकट में डाला था और काफी बड़ी संख्या लोग इस बीमारी से मरे हैं। कोरोना के कारण लोग बेरोजगार हो गये। कारखाने बंद हो गये। भारत द्वारा कोरोना के लिये वैक्सीन निर्मित की गई, उसके कारण इस बीमारी के प्रकोप से हम सुरक्षित हो सके। अब फिर से इसके नये वैरिएंट, कोविड वैरिएंट जे.एन-1 ने दस्तक दी है। सम्भवतः भारत इस नये वैरिएंट के लिए वैक्सीन बनाने के मार्ग पर है। कई नगरों में लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं। सर्दी के साथ ही यह वैरिएंट अन्य देशों से आया है। यह माना हुआ सिद्धान्त है कि सर्दी में हमारा मेटाबोलिज्म कमजोर हो जाता है। डॉक्टर की सलाह से मोटाबोलिज्म को पूर्ववत बनाये रखना चाहिये। हमें विशेषकर अधिक उम्र वालों को चेस्ट इन्फेक्शन से बचाव करना चाहिये। अधिक सर्दी के कारण बल्ड प्रेशर बढ़ने और दिल की धमनियों में सिकुडन होने से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। हमें कई परतों वाले कपड़े पहिनने चाहिये। पानी, ज्यूस जैसे पदार्थ पीने चाहिये। केन्द्रीय सरकार को जनहित में इस नये वैरिएंट से लडने के लिये नये वैक्सीन को बनाकर अपने देश व अन्य देशों को बचाना है। भारतीय जनता पार्टी के हिन्दुत्व व हिन्दू धर्म के कुछ प्रबल हठधर्मी यह मानते हैं कि हिन्दुत्व अथवा हिन्दू धर्म के नाम पर वोट मांगेंगे तो चुनाव में ध्रुवीकरण कर जीता जा सकता है। आश्चर्य तो इस बात का है हिजाब के बावत केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकारों ने माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद भी ये कट्टर पंथी पुनः सोये हुये भूत को जगाना चाहते हैं। कर्नाटक में कुछ ऐसा ही हुआ। जबकि क्रिसमस पर पीएम मोदी के निवास पर क्रिसमस दिवस मनाया गया। कट्टर पंथी चाहते हैं क्रिसमस को रामपर्व के रूप में मनाया जावे। बच्चों को सैंटा क्लॉज के स्थान पर श्रीराम बनाया जावे। कर्नाटक सरकार के शिक्षा मंत्री ने एक आदेश जारी कर निर्देश दिये हैं कि बच्चों को सान्टा नहीं बनाया जावे। यद्यपि वह आदेश वापिस ले लिया गया है, किन्तु मंत्रीजी के आदेश से राज्य में खलबली मच गई थी। हमारा देश धर्म निरपेक्ष है यहां सभी को अपनी अपनी रीति से आचरण करने का अधिकार है। हिन्दू, मुसलमान, सिख व ईसाई आदि अपने अपने त्यौहार मनाते हैं और दीवाली तो सभी देशवासी मनाते हैं। क्रिसमस यीशु के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। यह दिन रोमन राज्य का स्थापना का भी है। फिर आपत्ति क्यों? देश की जनता को जिंगल बेल बनाम जय श्रीराम के झगडे में न डाले। देश हम सबका है। देश में सभी धर्मों के त्यौहार मनाये जाते हैं। मीठी ईद पर सभी धर्मों के लोगों को बुलाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि क्रिसमस मनाने से 42 हजार करोड़ का व्यापार होता है। सैंटा तो एक काल्पनिक पात्र है जो बच्चों को खिलौने, मिठाई, टॉफी आदि की गिफ्ट बांटता है, इसमें क्या बुराई प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में दिखाई नहीं देती। फिर हंगामा कैसे? आप जय श्रीराम बोलो, कोई मना नहीं करता फिर हेप्पी क्रिसमस कहने से आपको क्यों आपत्ति? यीशू का जन्म बेथलहम में हुआ था, किन्तु वहां इजराइल व हमास में युद्ध के कारण क्रिसमस में अंधेरा है। 'सेवा परमो धर्म' क्रिश्चियन्स की पहिचान है। देश आगे बढ़ रहा है। भारत विकसित देश शीघ्र होने जा रहा है। हमें अपने देश पर गर्व होना चाहिए किन्तु दूसरे के धर्म में दखल नहीं देना चाहिये। यह देश सबका है अतः विवाद क्यों? हम धर्म निरपेक्ष हैं। आप किसी को भी माने, किन्तु देश के पूर्व यशस्वी प्राईम मिनिस्टर अटल बिहारी वाजपेयी को तो अवश्य मानते हैं। वे आदर्श पुरूष व लोक नेता थे। 5 राज्यों के चुनाव में जो भी चुनकर आये हैं, उन्हें अपना आदर्श पुरूष मान सकते हैं। उन्होंने अपने मन को खोलकर अपनी कवितायें लिखी हैं। उस महापुरूष की एक कविता सभी नेताओं के लिए पथ प्रदर्शन का काम कर सकती है। कविता के कुछ पद इस प्रकार हैंः-

**हमें विशेषकर अधिक उम्र वालों को चेस्ट इन्फेक्शन से बचाव करना चाहिये। अधिक सर्दी के कारण बल्ड प्रेशर बढ़ने और दिल की धमनियों में सिकुडन होने से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। हमें कई परतों वाले कपड़े पहिनने चाहिये। पानी, ज्यूस जैसे पदार्थ पीने चाहिये। केन्द्रीय सरकार को जनहित में इस नये वैरिएंट से लडने के लिये नये वैक्सीन को बनाकर अपने देश व अन्य देशों को बचाना है।**

**''न कभी हार मानी है,**
**न कभी रार ठानी है,**
**काल के कपाल पे लिखा मिटाता हूँ**
**गीत नया गाता हूँ, गीत नया गाता हूँ'**

निम्न लाइनें उनकी विराट्ता के साथ उनके कवि हृदय की कोमलता व विनम्रता पर दैनिक प्रकाश डालता है, उन्होंने कहा,

**मेरे प्रभु!**
**''मुझे इतनी ऊंचाई कभी मत देना,**
**गैर को गले न लगा सकूँ,**
**इतनी रूखसाई कभी मत देना।''**

देश ने हमें अच्छे अच्छे विदेश मंत्री दिये हैं, किन्तु वर्तमान विदेश मंत्री जयशंकर अद्भुत व्यक्तित्व के धनी हैं। अभी आतंकवादियों की तथा कुछ देशों द्वारा भारत की प्रभुता व अखण्ड़ता के साथ छेडछाड करने पर उन्होंने सीधी चुनौती देते हुये कहा हैः-

''हमें ईंट से ईंट बजाना आता है, एक गाल पर थप्पड मारे तो दूसरे को आगे करने का सिद्धान्त अब लागू नहीं होगा।'' ऐसा लगता है भारत अब चुप नहीं बैठेगा वह अपने शहीदों का बदला अवश्य लेगा। समय दूर नहीं है जब भारत कोई करिश्मा करके दिखायेगा। एक देश एक चुनाव जिसे 2029 से लागू करने की बात 2024 के चुनावों पर क्या प्रभाव डालेगी कहना कठिन है, किन्तु यह भारत के भविष्य के लिये आवश्यक है। हम यह मानकर चले कि एनडीए और इण्डिया गठबन्धन हैं, दोनों ही शुद्ध भारतीय हैं और 2024 के चुनावों में कोई भी जीत कर आवे वह भारतीयों की उन्नति, समृद्धि, विकास के लिये आगे बढेंगे। 'कोई नृप भवो, हमें क्या हानि' किन्तु जो भी कुर्सी पर बैठेगा उसे महंगाई, बेरोजगारी पर पार पाना ही होगा। कोई भी विजयी हो उसे सबको साथ लेकर चलना है, धर्म व जाति के नाम पर कोई भेदभाव नहीं होना चाहिये। विजयी पक्ष संविधान के प्रियम्बल, चेप्टर 3 व 4 तथा नागरिकों के मूल कर्त्तव्यों के प्रावधान जो अनुच्छेद 51क में दिये हैं उनकी कटिबद्धता के साथ पालना करेगा। यह निश्चित है 2024 में हम नया सबेरा देखेंगे। हम हार नहीं मानेंगे, न रार ही ठानेंगे। भारत की प्रभुता व अखण्ड़ता के साथ छेडछाड करने वाले की हम ईंट से ईंट बजा देंगे। नया सवेरा आयेगा। कोरोना ने नये रूप में दस्तक दे दी है अतः हमें मास्क लगानी है।

**सत्यमेव जयते!**

**अतिथि सम्पादक**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश,**
**राजस्थान हाई कोर्ट**

# आहार का एक महत्वपूर्ण घटक : फाइबर ( रेशा )



वीर बहादुर सिंह

**मानव** आहार विभिन्न घटकों के संयोजन से बना है। भौतिक व् रासायनिक संरचना में ये घटक बड़े जटिल होते हैं। आहार के मुख्य घटक जल, शर्करा, स्टार्च, वसा, प्रोटीन, अनेक मुख्य गौड़ और सूक्ष्मतम खनिज तत्व, विभिन्न प्रकार के विटामिन जैसे वसा में घुलनशील, जल में घुलनशील, पिगमेंट्स,. फयटोकेमिकल्स, फ्लवोनोइड्स और फाइबर। ये सभी घटक स्वयं भी संरचना में बड़े जटिल होते हैं। आहार विशेषज्ञ साधारणतया इन सभी घटकों को मुख्यतः ऊर्जा देने वाले जैसे शर्करा,वसा तथा कोष, ऊतक व मांस पेशियाँ निर्माण करने वाले, हड्डीओं या ढांचा निर्माण करने वाले जैसे कैल्शियम, फॉस्फोरस। मैग्नीशियम आदि विभिन्न प्रकार की शरीर में क्रियाओं को संचालित करने वाले यथा नमक, सल्फर, आयोडीन, लोहा, कोबाल्ट, सेलेनियम आदि अनेक तत्व खाद्य से शरीर में पहुंच कर जटिल से जटिल रासायनिक क्रियाओं को सम्पादित करते हैं। और अनेक नर्व प्रणाली को भी स्वस्थ, संवेदनशील और सक्रीय रखते हैं।

इन सब अवयवों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारा आहार कितना जटिल होता है जो शरीर में पहुँच कर जटिल से जटिल क्रियाओं को भी संचालित करने में सक्षम हो जाता है। पाचन क्रिया में सभी जटिल घटक सरलतम अवयवों में बदल जाते हैं जिससे वे पाचन संसथान से अवशोषित होकर रक्त में मिल जाते हैं बिना पाचन वसा, प्रोटीन, स्टार्च, शर्करा पाचन तंत्र से सीधे अवशोषित हो नहीं सकती, इन सबका पाचन के द्वारा सरलतम रूपों में परिवर्तित होना आवश्यक होता है। इसलिए वसा अनेक वसीय अम्लों और ग्लिसरॉल में प्रोटीन विभिन्न एमिनो अम्लों में और स्टार्च अथवा शर्करा ग्लूकोस ,फ्रुक्टोज़ आदि में विभक्त हो जाते हैं जो आँतों से सुगमता से शोषित हो सकते हैं।

अब लेख के शीर्षक के अनुसार फाइबर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी पाठकों को अर्पित करता हूँ। आहार में फाइबर अथवा रेशा का आशय क्या है? बहुत ही सरल भाषा में कहें तो फाइबर आहार का वो अंग है जो पचने कुछ कठिन होता है क्योंकि आहार नली में इसको पचाने के लिए कोई एंजाइम स्त्रावित नहीं होते। दुधारू अथवा रोमन्थकारी पशुओं (जुगाली करने वाले) के आहार में फाइबर बहुत होता है जो उन पशुओं में भी सुगमता से नहीं पचता। परन्तु वहां उसे पचाने के लिए एक अलग प्रावधान किया हुआ है। उन पशुओं के पेट में चार भाग होते हैं। पहला भाग रूमेन एक बहुत बड़ी थैली के आकार का होता है इसमें खाये गए आहार को पहले एकत्रित किया जाता है तत्पश्चात जुगाली करते समय यही खाद्य और बारीक होकर रूमेण में उपस्थित कुछ विशिष्ठ कृमिओं, जीवाणुओं द्वारा किण्वित किया जाता है जिससे जटिल फाइबर जिसे क्रूड फाइबर कहते हैं लिग्निन नामक सख्त पदार्थ से बना होता है, किण्वित होकर सेल्यूलोस, हेमिसेलुलोस, डेक्सट्रिन सरीखे अपेक्षाकृत सरल घटकों में टूट जाते हैं जो आगे आहार नली में किण्वकों द्वारा पचा लिए जाते हैं। इसलिए पशुओं में और मनुष्यों में फाइबर का अर्थ थोड़ा भिन्न है।

आहार चाहे किसी का हो रेशा या फाइबर का उसमे होना आवश्यक है। अन्यथा आहार नली में आहार कॉम्पैक्ट होने से पाचन में तो कठिनाई होती ही है, आहार के आहार नली में आगे बढ़ने की गति (पेरिस्टलसिस मूवमेंट ) या तो मंद पड़ जाती है या बिलकुल ही रूक जाती है जिससे पाचन अवरुद्ध होकर कॉन्स्टिपेशन हो जाता है और मल आंत में ठोस होकर पेट दर्द, आफरा, बेचैनी जैसे लक्षण उत्पन्न हो जाते हैं। आहार में इसलिए रेशा या फाइबर का होना अति आवश्यक होता है। वर्तमान काल में विशेषज्ञ भी अब मोटा अनाज अथवा चोकर सहित गेंहू का आटा खाने की सिफारिश करते हैं। इससे कॉम्पैक्ट नेस (सघनता) न होकर मल त्याग करने में सुगमता रहती है। अमूमन फाइबर सभी अनाजों, फलों सब्जिओं के छिलकों में पाया जाता है।

मानव आहार के फाइबर को दो भागों में बांटा जा सकता है। 1- अघुलनशील : जिसमे लिग्निन, सेल्यूलोस, हेमिसेलुलोस, दर्जन स्टार्च, गोंद, मॉम, कुटिन, ओलिगो सैकराइड, सुबेरिन और मुसिलेज। ये सभी पाचन संसथान को स्वस्थ रखते हैं और कब्ज को रोकते हैं। साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता ( इम्युनिटी) को सही रखते हैं। इनके अतिरिक्त रक्त में कोलेस्ट्रॉल की वृद्धि ,हृदय बीमारीओं की रोकथाम , डायबिटीज और मोटापे की रोकथाम में सहायक होकर मल त्याग को आसान करते हैं।

दूसरी श्रेणी के फाइबर घुलनशील कहलाते हैं, इनमे बी-ग्लूकन्स, पेक्टिन, पॉलीडेक्सट्रोस, जलीय विघटित गोंद, गुवार गम और इनुलिन जैसे रेफ्टिलिन व् रेफ्टिलोस) जई चोकर, जई आटा, गेहूं, चावल, जौ, लहसुन, प्याज, प्लांट गोंद, इसव्गोल भूसी और जवाणु जनित गोंद , ( ज़ेनथन औसकारीदे र गलान ) इंडस्ट्री में अब सिंथेटिक फ्रुकटोओलिगोसैकराइड और ग्लूको ओलिगो सकारीड निर्माण होने लगे हैं जिनकी खफत औषधिओं में होती है। सभी फाइबर साधारणतः कोलन कैंसर से बचाने का कार्य करते हैं और लौ डेंसिटी लेपोप्रोटीन ( रक्त में एक प्रकार का नुकसानदायक कोलेस्ट्रॉल) भी कम करते हैं। उपरोक्त वर्णन को पढ़ने यह विदित होता है कि मानव आहार में रेशा या फाइबर का होना भी बहुत जरुरी है। इसलिए चिकनी चुपड़ी गेंहूं रोटी को छोड़ मोठे अनाज खाइए, भूसी और छिलका भी आहार में शामिल रखिये तभी स्वस्थ रह पाएंगे। आहार में फाइबर कीअनुसंशित मात्रा प्रति व्यक्ति 40 ग्राम प्रतिदिन आँकी गई है।

**अतिथि लेखक :**
**प्रो. ( डॉ. ) वीर बहादुर सिंह,**
**खाद्य विज्ञ एवं पूर्व कुलपति,**
**महाराणा प्रताप क्रृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,**
**उदयपुर, राजस्थान।**

# बाल स्वास्थ्य विषयक अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ''कौमारकॉन-2023'' का शुभारंभ

**जोधपुर, ( कासं )।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो.(वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन में बाल रोग विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बाल स्वास्थ्य विषयक अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ''कौमारकॉन-2023'' का शुभारंभ राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र के सानिध्य में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। ''कौमारकॉन-2023'' में भारत सहित 11 देशों से विषय-विशेषज्ञ एवं शोध अध्येताओं ने हिस्सा लिया।




**बाल स्वास्थ्य विषयक अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ''कौमारकॉन-2023'' के शुभारंभ पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने शिरकत की।**

**''कौमारकॉन-2023'' में भारत सहित 11 देशों से विषय-विशेषज्ञ एवं शोध अध्येताओं ने हिस्सा लिया।**

अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि छात्रों एवं चिकित्सकों के ज्ञानवर्धन के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन सराहनीय है। इस कॉन्फ्रेंस का आयुर्वेद शोध में इस प्रकार की शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियों द्वारा छात्रों में जागरूकता एवं विषय संबन्धित प्रेरणा का विकास होता है। कुलाधिपति ने कहा कि विश्वविद्यालय नवीन शोध कार्यो में निरन्तर प्रगति कर रहा है, इस प्रकार के अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम शोध को बढ़ावा देने के लिये उपयोगी है। उद्घाटन समारोह के पूर्व राज्यपाल ने आयुर्वेद विश्वविद्यालय परिसर स्थित होम्यौपैथिक चिकित्सालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो. बलवारी लाल गौड ने कॉन्फ्रेंस को संबोन्धित करते हुए कहा कि सातवीं शताब्दी में ग्रीस में संभाषा का प्रारंभ हुआ, जिसका निरन्तर विकास हुआ एवं इस प्रकार की संगोष्ठी आयुर्वेद को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिये उपयोगी है। कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया एवं कार्यक्रम के चेयरमैन प्रो. पी.पी.व्यास ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कौमारकॉन 2023 के प्रथम दिन 2 प्लेनरी सत्र में 8 कीनोट स्पीकर ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया एवं 5 वैज्ञानिक सत्रों में कुल 81 शोध-पत्र पढे गये। प्रथम प्लेनरी सत्र में प्रो. बनवारी लाल गौड की अध्यक्षता में पूर्व कुलपति प्रो. अभिमन्यु कुमार ने ''कुशल आयुर्वेदिक बाल रोग विशेषज्ञ के लिए आवश्यक कौशल'' विषय पर शोध-पत्र पढा। जापान से आए बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. योईचि तोकुनागा ने ''जापान के शिशुओं के शारीरिक एवं मानसिक विकारो'' पर शोध-पत्र पढा।

इसके अलावा प्रो. के.एस. दिनेश विभागाध्यक्ष, जी.ए.सी., कोट्टाकल ने बच्चों के न्यूरोलोजिकल विकार, बांग्लादेश से आए डॉ. मोहम्मद बाबुल अख्तर ने बांग्लादेश में आयुर्वेद द्वारा बाल रोगों का उपचार, जापान से आए बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. माकोटो यानागिडा ने खान-पान से संबन्धित रोग, प्रो. शैलजा यू. (विभागाध्यक्ष एस.डी.एम.सी.ए., हस्सन) ने अर्क कल्प का बाल रोगों में उपयोग, डॉ. राकेश कुमार सिंह (निदेशक, बी.एच.आर.सी. नेपाल) ने आयुर्वेद द्वारा बाल रोग प्रबंधन एवं डॉ. रघुनन्दन शर्मा (लन्दन, यू.के.) ने बच्चों में जोड़ों से संबन्धित रोगों पर व्याख्यान दिया।

विभिन्न वैज्ञानिक सत्रों में बाल रोग एवं बाल स्वास्थ्य प्रबंधन पर नवीन शोध-पत्र पढे। स्वागत समारोह के अन्तर्गत सर्वप्रथम राष्ट्रगान तत्पश्चात् राज्यपाल का साफा पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर कुलपति प्रो.(वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति एवं कुलसचिव सीमा कविया ने स्वागत अभिनन्दन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो. बनवारी लाल गौड का कुलपति एवं प्रो. गोविन्द सहाय शुक्ल ने स्वागत अभिनन्दन किया। विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, डॉ. एन.सी.आई. एस.एम. नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. जयन्त देवपुजारी, जापान के आयुर्वेद विशेषज्ञ प्रो. हरिशंकर शर्मा, पूर्व कुलपति प्रो. अभिमन्यु कुमार, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानित विश्वविद्यालय जयपुर के कुलपति प्रो.संजीव शर्मा उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरूण त्रिपाठी, गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकुल पटेल श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय हरियाणा के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान, जापान के बालरोग विशेषज्ञ डॉ. योईचि तोकुनागा, डाबर इण्डिया से डॉ. दुर्गा प्रसाद का साफा पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर प्रो. पी.पी.व्यास एवं प्रो. महेन्द्र कुमार शर्मा एवं आयोजन सचिव डॉ. हरीश कुमार सिंघल, डॉ. दिनेश कुमार राय ने स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

विश्वविद्यालय द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय संस्थानों से शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए आयुर्वेद विश्वविद्यालय ने 11 एम.ओ.यू. हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों की लिखित पुस्तकों का विमोचन भी किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, लूणी विधायक जोगाराम पटेल, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष वैद्य जयंत देवपुजारी, आयुष सचिव भानुप्रकाश येतुरु के साथ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपतिगण प्रो. बनवारी लाल गौड तथा प्रो. अभिमन्यु कुमार, देश के आयुर्वेद विश्वविद्यालयों के कुलपति यथा-राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानित विश्वविद्यालय, जयपुर के प्रो. संजीव शर्मा, गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जामनगर के वैद्य मुकुल पटेल, उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून के प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी, श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय, हरियाणा के प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली की निदेशक प्रो. तनूजा नेसरी, केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसन्धान परिषद्, नई दिल्ली के महानिदेशक प्रो. रवीन्द्र नारायण आचार्य, इंस्टिट्यूट ऑफ टीचिंग एंड रिसर्च इन आयुर्वेद, जामनगर के निदेशक प्रो. अनूप ठाकर, राष्ट्रीय औषध पादप मंडल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. महेश दाधीच, जोधपुर के विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, आई.आई.टी. जोधपुर के निदेशक प्रो. शान्तनू चौधरी, देशभर के विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के प्रोफेसर तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कोहरे की चादर में लिपटा रहा चूरू, 1.6 डिग्री गिरा न्यूनतम पारा

**चूरू, ( कासं )।** चूरू में कड़ाके की ठंड का असर दिखना शुरु हो गया है। गुरूवार की सुबह का स्वागत कड़ाके की सर्दी के साथ हुआ। पूरा शहर चारों ओर कोहरे की चादर में लिपटा नजर आया। बुधवार की अपेक्षा गुरुवार को न्यूनतम तापमान में 1.6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

कोहरे की वजह से विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। सर्दी से राहत पाने के लिए लोगों ने आग जलाकर अलाव का सहारा लिया। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश के पश्चिमी, उत्तरी और पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में घना कोहरा, कहीं-कहीं अति घना कोहरा होने की प्रबल संभावना बनी हुई है। प्रदेश में आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहेगा।

न्यूनतम तापमान में आगामी 48 घंटों के दौरान हल्की गिरावट होगी। उत्तरी व पूर्वी भागों में आगामी 2-3 दिन कहीं-कहीं घना कोहरा छाने तथा न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट हो सकती है। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर से प्रदेश में एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। जिससे मौसम में कुछ बदलाव हो सकता है।

**कोहरे की वजह से विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही**

सहायक निदेशक कृषि कुलदीप शर्मा ने बताया कि घना कोहरा चने की फसल को फायदा पहुंचाने वाला है। इससे फसल में पकाव और जल्दी ग्रोथ होगी। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री व अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री दर्ज किया गया। आज यहां सुबह दिन निकलने के बाद करीब ग्यारह बजे तक सूरज देवता के दर्शन नहीं होने से चारों ओर कोहरा ही कोहरा दिखाई दे रहा था। दोपहर बाद आसमान साफ हुआ ओर धूप खिलने के बाद भी सर्दी का असर कोई अधिक कम नहीं हुआ।

सर्दी के कारण सुबह के समय लोग घरों में ही दूबके रहे। धूप निकलने के बाद ही घरों से बाहर निकल पाये। इन दिनों शाम ढ़लने के साथ ही सर्दी का असर शुरु हो जाता है। शाम को लोग अलाव जलाकर सर्दी दूर करने का प्रयास करते दिखाई देते हैं।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### शुक्रवार 29 दिसम्बर 2023

**पौष मास कृष्ण पक्ष, द्वितीया तिथि, विक्रम सम्वत 2080, पुष्प नक्षत्र रात्रि 1.10 तक, वैधृति योग रात्रि 2.28 तक, गर करण प्रातः 8.00 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा।**

**ग्रह स्थिति - सूर्य-धनु, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-धनु, बुध-धनु, गुरु-मेष, शुक्र-वृश्चिक, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में संचार करेगा।**

**राजयोग आज रात्रि सूर्योदय से रात्रि 3.10 तक है। भद्रा रात्रि 8.52 से आरम्भ होगी। आज वैधृति पुण्य है और द्वितीया तिथि में वृद्धि हुई है।**

**श्रेष्ठ चौघडिया - चर-सूर्योदय से 8.36 तक, लाभ-अमृत 8.36 से 11.11 तक, शुभ 12.24 से 1.46 तक,**


**राहुकाल - 10.30 से 12.00 तक, सूर्योदय 7.19, सूर्यास्त 5.38**

**मेष**




घर-परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बडेगी। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**




परिवार में शुभ ओर मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से संपन्न होंगे। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**कर्क**




मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। वर्तमान में चल रही परेशानियां दूर होने लगेगी। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

**सिंह**




घर-गृहस्थी के कार्यों के कारण भाग-दौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा। अर्नगल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**कन्या**



आर्थिक-वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में अथितियों का आगमन रहेगा।

**तुला**




व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**वृश्चिक**



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**धनु**



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज अनावश्यक समय खराब होगा। आवश्यक कार्यों में विलंब हो सकता है।

**मकर**



परिवार में महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हो सकते हैं। धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। सामुहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**कुंभ**



विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**मीन**



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। नौकरी पेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



'Then And Now' Cricket- the India Way

Legend among the cricket writers, K.N. Prabhu's article on C.K. Nayudu was reproduced in the book by Venkat Sundaram, who preserved this article for years.

Scenic Cycling Routes In India

The mesmerising landscapes will make your journey more beautiful than the destination

## 'जरूरी हो तो ही बाहर निकलें'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 दिसम्बर। दिल्ली एयरपोर्ट ने सूचित किया है घने कोहरे की वजह से लगभग 134 उड़ानों के संचालन में विलंब हुआ है। घरेलू व अन्तर्राष्ट्रीय दोनों प्रकार की फ्लाइट्स देर से आ रही हैं और देर से रवाना हो रही हैं। दिल्ली एयरपोर्ट से उड़ने वाली 35 अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों को देरी से रवाना किया गया, इसी प्रकार 28 अन्तर्राष्ट्रीय हवाई उड़ानों के आगमन में विलंब हुआ।

कोहरे की घनी चादर ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को अपने आगोश में ले लिया ऐसा लगा मानों शीतलहर ने शहर को जकड़ लिया हो इसके कारण दिल्ली

- **मौसम विभाग ने दिल्ली वालों को चेतावनी दी। दिल्ली कड़ाके की ठंड व घने कोहरे से त्रस्त है। इसकी वजह से 134 फ्लाइट प्रभावित हुई हैं और 22 ट्रेन लेट चल रही हैं।**

में रेलों और हवाई उड़ानों के आगमन व प्रस्थान में काफी विलंब हुआ इसकी वजह से गुरुवार को यात्रियों को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ा।

इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से नजारा यह दिख रहा था कि अत्यधिक घने कोहरे के बीच एयरपोर्ट के प्रवेश द्वारों पर यात्रियों की लम्बी लाइन लगी हुई थी।

ग्रेटर नोएडा में अल-सुबह बुधवार को यमुना एक्सप्रैस वे पर घने कोहरे व

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# नीतीश की एन.डी.ए. में वापसी की खबरें क्यों और कौन चला रहा है

## सूत्रों का कहना है कि, ममता बनर्जी येन केन प्रकारेण इंडिया गठबंधन से नीतीश को हटा देना चाहती हैं

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 दिसम्बर। विपक्ष के "इण्डिया" गठबंधन के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रधानमंत्री के रुप में आगे बढ़ाकर ममता बनर्जी द्वारा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मात देने के बाद इण्डिया गठबंधन में विभाजन की अटकलें थीं।

जद (यू) के इण्डिया गठबंधन से नाता तोड़ने की खबरों ने तृणमूल को पहले ही हिला दिया है। इसका जिक्र गुप-चुप रुप से किया जा रहा है। ममता बनर्जी जानती थीं कि प्रधानमंत्री पद के दावेदार के रुप में नीतीश कुमार राष्ट्रीय स्तर पर उनके मुख्य शत्रु हैं।

विपक्षी गठबंधन की दिल्ली में हुई गत मीटिंग में नीतीश का खराब मूड प्रकट हो गया। ममता ने जब मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रधानमंत्री के चेहरे के रुप में लिया तब वह खुश नहीं थे, लेकिन गठबंधन के एक दक्षिण भारतीय सहयोगी ने जब यह मांग की कि हिंदी में किए गए नीतीश के भाषण का अंग्रेजी भाषा में अनुवाद किया जाए,

- **क्योंकि प्रधानमंत्री पद की दावेदारी में नीतीश ही उनके मुख्य प्रतिद्वंदी हैं।**
- **समझा जाता है कि, नई दिल्ली में हुई एन.डी.ए. की बैठक में ममता बनर्जी ने सोची समझी रणनीति के तहत प्रधानमंत्री पद के दावेदार के रूप में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम लिया, उनका इरादा नीतीश को नाराज़ करने का था।**
- **और ऐसा हुआ भी, क्योंकि ममता बनर्जी के उक्त प्रस्ताव के बाद नीतीश काफी उखड़े हुए नज़र आए, और जब दक्षिण भारतीय पार्टी के एक सदस्य ने नीतीश के हिंदी में दिए गए भाषण का अंग्रेजी अनुवाद मांगा तो नीतीश भड़क गए।**
- **बनर्जी शुरु से ही खुद को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बताने की कोशिश में लगी हुई हैं, इसके लिए उन्होंने अन्य राज्यों में पैठ जमाने की कोशिश भी की, पर, सफलता नहीं मिली।**

तो वह भड़क गए।

नीतीश ने गुस्से में कहा था कि उनके भाषण का अंग्रेजी अनुवाद उपलब्ध नहीं करवाया जाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा था कि हिंदी

( शेष पृष्ठ 4 पर )

## श्रीवास्तव को सी.जे. बनाने की अनुशंसा



एम.एम. श्रीवास्तव

जयपुर, 28 दिसम्बर (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम ने राजस्थान हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव को मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश केंद्र सरकार को भेजी है। इसी तरह राजस्थान

- **सुप्रीम कोर्ट कोलीज़ियम ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव को राजस्थान हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश केंद्र सरकार को भेजी है।**

हाईकोर्ट के दो अन्य न्यायाधीश जस्टिस विजय बिश्नोई को गुवाहाटी हाईकोर्ट और जस्टिस अरुण भंसाली को इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पद पर नियुक्त करने के लिए भी केंद्र

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# फिर से उभर रहा है "पैगसस" विवाद

## वॉशिंगटन पोस्ट व एमनैस्टी इंटरनैशनल ने दावा किया है कि, भारत सरकार कुछ पत्रकारों के फोन पर "पैगसस" का इस्तेमाल कर रही है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

जयपुर, 28 दिसम्बर। द वॉशिंगटन पोस्ट और एमनैस्टी इन्टरनेशनल की एक संयुक्त जांच के अनुसार भारत सरकार ने पैगसस स्पायवेयर के माध्यम से फिर से प्रमुख पत्रकारों को निशाना बनाया है।

इज़रायल के एन.एस.ओ. ग्रुप के उत्पाद, पैगसस का उपयोग फोन के मैसेज, ई-मेल, फोटो आदि प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है। इसका उपयोग फोन कॉल्स की बातें सुनने, लोकेशन ट्रैक करने और यहाँ तक कि, कैमरे से फोन के मालिक की तस्वीरें लेने के लिए किया जा सकता है। "वॉचडॉग्स" ने बताया है कि, 12 से अधिक देशों में, जिनमें भारत भी शामिल है, पत्रकारों और एक्टिविस्टों के विरूद्ध पैगसस का इस्तेमाल किया गया है। यह स्पायवेयर आमतौर पर सरकारों और सुरक्षा एजेन्सियों को ही बेचा जाता है।

आज प्रकाशित संयुक्त जांच के अनुसार, "द वायर" के सिद्धार्थ वरदराजन तथा "ऑर्गनाइज्ड क्राइम एण्ड करप्शन रिपोर्टिंग प्रॉजैक्ट" (ओ.सी.सी.आर.पी.) के आनंद मंगनाले को उनके आई-फोन्स पर लक्ष्य बनाया गया है।

रोचक है कि, ओ.सी.सी.आर.पी. ने अगस्त में गौतम अडानी की वित्तीय

- **पैगसस असल में इज़रायल के एन.एस.ओ. ग्रुप का उत्पाद है, जिससे किसी के भी फोन के मैसेज, ई-मेल, फोटो देखे जा सकते हैं, बात सुनी जा सकती है, लोकेशन ट्रैक की जा सकती है और उसका वीडियो भी बनाया जा सकता है।**
- **वॉशिंगटन पोस्ट में छपी संयुक्त जाँच रिपोर्ट के अनुसार, "द वायर" के सिद्धार्थ वरदराजन और ऑर्गनाइज़र क्राईम एण्ड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजैक्ट के आनन्द मंगनाले को टारगैट किया गया है।**
- **आनन्द ने गौतम अडानी के वित्तीय सौदों पर एक रिपोर्ट छापी थी।**
- **इससे पहले 2021 में भी पैगसस विवाद सुर्खियों में आया था, तब आरोप था कि, सरकार पैगसस से नेताओं व पत्रकारों के फोन की स्नूपिंग कर रही है।**

गतिविधियों को लेकर एक जांच प्रकाशित की थी। मंगनाले ने कहा कि उन्होंने ओ.सी.सी.आर.पी. की तरफ से अडानी ग्रुप को एक प्रश्नमाला भेजी थी, जिसके कारण उन्हें लक्ष्य बनाया गया है। लेकिन, उन्होंने आगे कहा कि, इस बारे में उनके पास कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा "लेकिन घटनाक्रम से सब कुछ काफी स्पष्ट होता है।"

वरदराजन ने कहा कि, एक प्रमुख समाचार प्रकाशक को नई दिल्ली में हिरासत में लिए जाने का विरोध करने के लिए उन्हें लक्ष्य बनाया गया है।

केन्द्र सरकार ने अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। पिछले माह मीडिया रिपोर्ट्स में संकेत दिए गए थे कि, विपक्षी सांसदों द्वारा लगाए गए फोन टैपिंग के आरोपों की अधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है। कहा गया था कि, इन सांसदों को एपल द्वारा फोन टैपिंग के संबंध में चेतावनी मिली थी।

पैगसिस विवाद भारत में सबसे

( शेष पृष्ठ 4 पर )

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

"मौसम के जोखिमों से हमारे मेहनती किसान भाई-बहनों के हितों को सुरक्षित करने में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना काफी कारगर साबित हो रही है। इसका लाभ करोड़ों किसानों को मिल रहा है।"
– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री






फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभ
दावों का भुगतान सीधे किसान के बैंक खाते में
आधुनिक तकनीक से उपज का बेहतर अनुमान

7 वर्षों की मुख्य उपलब्धियां
55 करोड़ से अधिक किसान आवेदन प्राप्त
16.06 करोड़ से अधिक किसान आवेदनों को फसल मुआवजा का वितरण
₹1.50 लाख करोड़ से अधिक का बीमा दावा भुगतान

पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर, 2023

नई सुविधा
बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि से अपने घर बैठे ऐड ऐप द्वारा करें फसल बीमा

फसल बीमा से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए कृषि रक्षक हेल्पलाइन नंबर 14447 पर कॉल करें

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

बीमा भागीदार AIC, Chola MS, Future Generali, HDFC Ergo, ICICI Lombard Nibhaye Vaade, Kshema, Oriental Insurance, Reliance General Insurance, SBI general, Universal Sompo General Insurance

अपनी फसलों को आज ही बीमित करने के लिए संपर्क करें
जनसेवा केंद्र | क्रॉप इंश्योरेंस ऐप https://play.google.com | पोस्ट ऑफिस | बैंक शाखा
@PMFBY
QR कोड स्कैन करें

# 10 फीट की सर्विस लेन और बीच सड़क में बना डिवाइडर दे रहा हादसों को न्यौता


## अंबाबाड़ी नाले पर पेट्रोल पंप के सामने जयपुर विकास प्राधिकरण के अफसरों की बड़ी लापरवाही

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । नई झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड पर वाहनों की आवाजाही शुरू हुए करीब 3 माह बीत चुके हैं, लेकिन अंबाबाड़ी नाले पर बांयी तरफ जहां निजी बसों के बाड़े की दीवार के कारण सड़क मात्र 10 फीट चौड़ी संकरी गली रह गई है, वहीं दांयी तरफ पेट्रोल पंप के सामने सड़क के बीचोंबीच बना हुआ डिवाइडर हादसों को न्यौता दे रहा है।

जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) के इंजीनियर्स की इस लापरवाही के कारण आये दिन लोगों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। सर्दी के इस मौसम में अब कोहरे का असर बढ़ गया है, ऐसे में वाहन चालकों को ना तो मात्र 10 फीट की सड़क नजर आती है और ना ही सड़क के बीचों बीच बना हुआ डिवाडइर। इसी सप्ताह 3-4 दिन पहले देर रात करीब 12 बजे पानीपेच से झोटवाड़ा की ओर जा रही एक कार इस डिवाइडर पर चढ़कर बंद हो गयी थी, इस हादसे में कार भी क्षतिग्रस्त हुई और लोगों को चोटें भी आई। गनीमत रही कि कार डिवाइडर से टकराकर पलटी नहीं, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

वहीं दूसरी ओर सीकर रोड और चौमूं पुलिया सर्किल से जयपुर शहर की ओर आने वाले वाहनों को अंबाबाड़ी नाले पर मात्र 10 फीट की संकरी गली से गुजरना पड़ रहा है। दिनभर यहां ट्रेफिक जाम की स्थिति बनी रहती है, इसके बावजूद जेडीए प्रशासन इस बसों के बाड़े की दीवार तक तोड़ नहीं पाया। जबकि जेडीए प्रशासन ने झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड के लिए 642 मकान और दुकानों को ध्वस्त किया है, लेकिन अंबाबाड़ी नाले पर प्राइवेट बसों के बाड़े की दीवार तोड़कर सड़क चौड़ी करने में फेल साबित हो रहे है। जबकि चौमूं पुलिया सर्किल पर ब्रिगेडियर हाऊस की दीवार भी तोड़कर यहां जगह निकाली गई है, जहां पर सीमेंटेड सड़क निर्माण का काम चल रहा है।



अंबाबाड़ी नाले पर प्राइवेट बसों के बाड़े के कारण सर्विस लेन मात्र 10 फीट की संकरी गली बनकर रह गई है। फोटो-राष्ट्रदूत



होटल चेतराम से लेकर अंबाबाड़ी तिराहे तक सड़क के बीचोंबीच बना हुआ डिवाइडर आये दिन सड़क हादसों का कारण बन रहा है। फोटो-राष्ट्रदूत

- **करीब 3-4 दिन पहले देर रात एक कार अंबाबाड़ी पेट्रोल पंप के सामने इस डिवाइडर पर चढ़ गई थी, हादसे के बावजूद जे.डी.ए. के अधिकारियों ने इस डिवाइडर को नहीं हटाया**
- **मजेदार बात यह है कि जे.डी.ए. ने झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड के लिए 642 दुकान-मकान तोड़े, लेकिन अंबाबाड़ी नाले पर प्राइवेट बसों के बाड़े की दीवार को नहीं तोड़ सके**
- **जबकि चौमूं पुलिया सर्किल पर ब्रिगेडियर हाऊस की दीवार तोड़कर भी जमीन खाली करवाई गई है और अब यहां पर सीमेंटेड सड़क बनायी जा रही है।**

ऐसे में सवाल यह उठता है कि प्राइवेट बसों के बाड़े की जगह नहीं लेकर वहां मात्र 10 फीट की संकरी गली से वाहन निकलने की मजबूरी पैदा करने का आखिर क्या कारण है। यह जगह किसी राजनैतिक रसूख वाले नेता की बताई जा रही है, मौके पर पूर्व विधायक के नाम का बोर्ड भी लगा हुआ है। इसके अलावा नाले पर इसी बसों के बाड़े के आगे बांस के सामान की अस्थायी दुकानें तक बनी हुई है, जेडीए के अधिकारी इस जगह को भी खाली करवाने में पूरी तरह फेल साबित हो रहे हैं।

ज्ञात रहे कि जेडीए प्रशासन ने करीब 5 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद निवारू रोड टी-जंक्शन से लेकर अंबाबाड़ी नाले तक एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य पूरा किया है, जिसका उद्घाटन गत 5 अक्टूबर को तत्कालीन यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने किया था। इस प्रोजेक्ट पर 167 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। उद्घाटन कार्यक्रम में खुद शांति धारीवाल ने निवारू रोड टी. जंक्शन से लेकर अंबाबाड़ी नाले तक राव शेखाजी एलिवेटेड रोड के प्रथम फेज का निर्माण कार्य पूरा होने का दावा किया था, ऐसे में ताज्जुब की बात यह है कि अंबाबाड़ी नाले पर जहां एलिवेटेड सड़क नीचे उतर रही है, वहां यह संकरी गली क्यों?

मजेदार बात यह है कि जेडीए प्रशासन ने राव शेखाजी एलिवेटेड रोड के लिए 542 मकान-दुकान तोड़कर जगह लेने में कोई परहेज नहीं किया, लेकिन पिछले 5 साल में अंबाबाड़ी नाले पर बांयी तरफ बने प्राइवेट बसों के बाड़े की दीवार तक तोड़कर सड़क की चौड़ाई नहीं बढ़ाई जा सकी। जबकि पुलिया का निर्माण कार्य ही इसी जगह से शुरू हुआ था, पिछले 5 सालों से यहां भारी ट्रेफिक जाम के कारण वाहनचालक रोजाना परेशान हो रहे हैं, लेकिन जेडीए के अधिकारियों को यह परेशानी नजर तक नहीं आती। जबकि खुद जेडीए के इंजीनियर्स ने अंबाबाड़ी तिराहे से लेकर बसों के बाड़े के पास तक सड़क की चौड़ाई बढ़ाई है, लेकिन जैसे ही बात यहां पर अतिक्रमण हटाने की आई तो अफसरों ने चुप्पी साध ली।

पानीपेच तिराहे पर होटल चेतराम से लेकर अंबाबाड़ी तिराहे तक सड़क के बीचोंबीच बना हुआ डिवाइडर लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है, जेडीए इंजीनियर्स ने यहां पुरानी सड़क को दुरुस्त तो किया, लेकिन डिवाइडर हटाना भूल गए। अंबाबाड़ी तिराहे से आगे चौमूं पुलिया सर्किल तक बी.आर.टी.एस. कॉरिडोर को खाली कर दिया गया है, लेकिन अब यहां पर सड़क निर्माण हो जाए तो लोगों का आवागमन सुगम हो।

# पचास हजार के इनामी गैंगस्टर को दबोचा

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की कार्रवाई



- **आरोपी गैंगस्टर दिग्विजय सिंह उर्फ बिट्टू को जयपुर के ''नांगल जैसा बोहरा '' से पकड़ा**

**जयपुर** । पुलिस मुख्यालय से गठित की गई एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने पहली बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच साल से फरार चल रहे कोटा शहर के थाना भीमगंज मंडी हाल देहरादून (उत्तराखंड) निवासी पचास हजार के इनामी गैंगस्टर दिग्विजय सिंह उर्फ बिट्टू को जयपुर के करधनी थाना क्षेत्र में नांगल जैसा बोहरा इलाके से पकड़ा है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध और आईजीटीएफ दिनेश एमएन ने बताया कि गैंगस्टर दिग्विजय सिंह उर्फ बिट्टू चित्तौड़गढ़ जिले के बेंगू में वर्ष 2009 हुए दोहरे हत्याकांड में पांच साल से फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी पर आईजी उदयपुर रेंज की ओर से पचास हजार रूपये का इनाम घोषित कर रखा है।

एजीटीएफ एडीजी एमएन ने बताया कि टीम को आरोपी के जयपुर में होने की सूचना मिलने पर टीम गठित की गई। टीम ने गुरुवार को करधनी इलाके के नांगल जैसा बोहरा क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी को कोटा शहर में कोर्ट में पेश किये जाने पर कोटा एजीटीएफ टीम को सौंपा गया। जानकारी के अनुसार गैंगस्टर दिग्विजय सिंह उर्फ बिट्टू के विरुद्ध पूर्व में पन्द्रह अपराधिक प्रकरण दर्ज है। इसके अपराधिक प्रवृत्ति के कारण इसकी पत्नी और बच्चों ने साथ छोड़ दिया और अलग रहने लग गए।

गौरतलब है कि गैंगस्टर शिवराज सिंह का भाई बृजराज सिंह वर्ष 2008 में हुए गैंगस्टर लाला बैरागी की हत्या का मुख्य गवाह था। जिसकी भानुप्रताप और उसके साथियों ने हत्या की थी। तब से भानु प्रताप गैंग ब्रजराज सिंह की हत्या की फिराक में थी। 13 मई 2009 को कोटा चित्तौड़गढ़ के बीच बृजराज सिंह व उसके साथी जितेंद्र पर अंधाधुन्ध फायरिंग की गई। जिसमें दोनों की मौत मौके पर हो गई थी।

इस मामले में चित्तौड़गढ़ कोर्ट ने एक महिला सहित पांच व्यक्तियो को दोषी ठहरा उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई थी। जबकि दो आरोपी की मौत हो गई थी। इस मामले में आरोपित बिट्टू उर्फ दिग्विजय सिंह फरार हो गया।

बाद में गवाहों और फरियादी को जान का खतरा होने से राजस्थान हाईकोर्ट के निर्देश पर इसकी सुनवाई कोटा में ट्रांसफर की गई। इस गैंगस्टर को पकड़ने में एजीटीएफ टीम के एएसआई बनवारी लाल, हेड कांस्टेबल मदन लाल शर्मा, कांस्टेबल अरुण कुमार, कुलदीप सिंह, इंद्र सिंह, अशोक सिंह व सुनील कुमार एवं आयुक्तालय जयपुर के हेड कांस्टेबल अजेंद्र सिंह व अमित की विशेष भूमिका रही।

# गैंगस्टर रोहित गोदारा ने दी बिजनेसमैन को धमकी

## आरोपी ने इंटरनेशनल नंबर से वॉट्सऐप कॉल पर धमकाया ''पैसे दे दो, नहीं तो गोली मार दूंगा''

**जयपुर** । राजधानी में गैंगस्टर रोहित गोदारा के पैसों के लिए एक बिजनेसमैन को धमकी देने का मामला सामने आया है। बदमाश ने इंटरनेशनल मोबाइल नंबर से वॉट्सऐप कॉल कर धमकाया ''पैसे दे दो, नहीं तो गोली मार दूंगा।'' माणकचौक थाने में पीड़ित बिजनेसमैन ने एफआईआर दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि बनीपार्क निवासी 64 वर्षीय बिजनेसमैन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि बड़ी चौपड़ पर उनकी साड़ियों की शॉप है। गत 22 दिसम्बर की शाम वह शॉप पर बैठे थे। शाम 7:05 बजे इंटरनेशनल मोबाइल नंबर से उसके पास वॉट्सऐप कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद का नाम रोहित गोदारा बताया। कहा, तुम राधेश्याम के पैसे क्यों नहीं दे रहे हो। बिजनेसमैन के राधेश्याम के बारे में पूछने पर धमकाया, वो पता चल जाएगा। गालियां देते हुए कहा कि यह तो पता चल जाएगा। तुम राधेश्याम के पैसे दे दो, वरना तुम्हें गोली मार दूंगा। जान से मारने की धमकी देकर कॉल काट दिया। धमकी भरा कॉल आने के बाद डर के कारण बिजनेसमैन सोचते रहे। माणकचौक थाने में पीड़ित बिजनेसमैन ने जाकर इंटरनेशनल मोबाइल नंबर के आधार पर शिकायत दी। पीड़ित बिजनेसमैन ने पुलिस को बताया कि उसका राधेश्याम से कोई लेने-देन नहीं है। कि करीब 3-4 साल पहले आर्यन इंडस्ट्रीज को जयसिंहपुरा एरिया में फ्लैट बनाने का काम ठेके पर दिया था। काम नहीं होने पर उनसे वापस ले लिया गया था। आर्यन इंडस्ट्रीज कोर्ट में जाने पर हमारा सैटलमेंट भी हो गया था। लेकिन, राधेश्याम नाम के व्यक्ति से मेरा कोई लेन-देन बाकी नहीं है।

अब राधेश्याम को पैसे देने के लिए रोहित गोदारा के नाम से वॉट्सऐप कॉल पर धमकी आई है। जान से मारने की उसकी धमकी दी गई है।

## ब्रेकअप से नाराज मंगेश ने की थी उमा की हत्या

**जयपुर** । जवाहर सर्किल इलाके में कार से कुचलकर उमा सुथार की हत्या करने वाले मंगेश अरोड़ा से पूछताछ में अहम खुलासा हुआ है। पुलिस पूछताछ में मंगेश ने बताया कि उमा उसकी एक्स गर्लफ्रेंड थी। दोनों पहले अच्छे दोस्त थे। हालांकि, बाद में दोस्ती प्यार में बदल गई। लेकिन, कुछ बात को लेकर दोनों में अनबन हो गई और उमा ने इस वजह से उससे ब्रेकअप कर लिया था। बाद में उमा और राजकुमार में अच्छी दोस्ती हो गई थी। इसी बात को लेकर मंगेश खासा नाराज था। पुलिस का मानना है कि मंगेश से ब्रेकअप के बाद राजकुमार से उमा की अच्छी दोस्ती के चलते मंगेश संभवत: इस हत्या को अंजाम देने के लिए कई दिनों से योजना बना रहा था और शायद इसलिए उसने राजकुमार से दोस्ती की थी। पुलिस ने मंगेश के दोस्त गौरव को भी गिरफ्तार कर लिया है, जो घटना के वक्त उसके साथ कार में था।

# 'अपराध नियंत्रण व जांच में दायित्व निभाएं पुलिसकर्मी'

**जयपुर** । महानिदेशक पुलिस राजस्थान उमेश मिश्रा ने पुलिसकर्मियों को अपराध नियंत्रण एवं अनुसंधान में अपने दायित्वों अनुसार सीसीटीएनएस का प्रभावी उपयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने सीसीटीएनएस डाटा को पूर्ण शुद्ध व त्रुटि रहित रखने के प्रति गम्भीरता बरतने के निर्देश दिए हैं।

डीजीपी ने कहा कि अनुसंधान की पवित्रता व निष्पक्षता बनाए रखना अपरिहार्य है। डाटा की शुद्धता एवं पूर्णता से समझौता करने की स्थिति में विधि द्वारा निर्धारित विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन हो सकता है। सीसीटीएनएस पर कार्य करने के लिए प्रत्येक पुलिस कार्मिक का उसके रोल अनुसार दायित्व निर्धारित है। प्रत्येक पुलिसकर्मी को उन्हें मिले दायित्व की पालना करना है। मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में पुलिस का संपूर्ण अनुसंधानिक कार्य, पंजीकरण, प्रविष्टि यथा एफआईआर पंजीकरण, अपराध विवरण प्रपत्र, केस डायरी, गवाहों के बयान, परिवाद, गिरफ्तारी प्रपत्र, संपत्ति जब्ती, चार्जशीट, एफआर, केस डायरी डाइजेस्ट, रोजनामचा आम, गुमशुदा एवं मर्ग पंजीकरण इत्यादि सीसीटीएनएस एप्लीकेशन पर किए जा रहे हैं। महानिरीक्षक पुलिस एससीआरबी शरत कविराज ने बताया कि पुलिस में कम्प्यूटराईजेशन एक सतत प्रकिया है। भविष्य में थानों पर दर्ज प्रकरणों के अनुसंधान व जांच की सम्पूर्ण प्रक्रिया ऑनलाईन करते हुए मैन्यूएल रूप से संधारित की जाने वाली केस फाईल, आपराधिक रिकॉर्ड एवं विभिन्न रिपोर्ट्स, रिकॉर्डस सीसीटीएनएस के माध्यम से ही जनरेट होंगे। आईजी कविराज ने बताया कि न्यायालय के लिये भी सीसीटीएनएस डाटा ऑनलाईन उपयोग हेतु उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है, ताकि सम्पूर्ण केस फाईल एवं रिपोर्ट कोर्ट को ऑनलाईन उपलब्ध करायी जा सके।

## सार-समाचार

### बेहोशी की दवा सुंघाकर व्यापारी से लूट

**जयपुर** । करणी विहार थाना इलाके में अपहरण कर एक व्यवसायी को बेहोशी की दवा सुंघा कर बदमाश उसे कार में डालकर अपहरण किया और स्कूटी और एक लाख बीस हजार रुपये लूटने के बाद 160 किलोमीटर दूर रोड किनारे फेंक कर फरार हो गए। किसी तरह व्यवसासी जयपुर पहुंचा और थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। जांच अधिकारी एसआई रामपाल ने बताया कि लूट की वारदात हनुमान वाटिका अजमेर रोड निवासी सांवला राम (35) के साथ हुई, जो सांवला राम का स्टील फिटिंग का व्यवसाय करता है। पीडिता व्यवसायी अपने काम से विश्वकर्मा गया था और वहा से एक लाख बीस हजार रुपये का पेमेंट लेकर स्कूटी से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान दिल्ली बाइपास पर शेल्बी हॉस्पिटल के पास से जाते समय एक व्यक्ति ने बाइक आगे लगाकर उसे रोक कर थूकने की बात कहकर झगड़ा करने लगा। तभी एक कार पास आकर रुकी,जिसमें से तीन से चार लोग नीचे उतरकर आए। जहां सवार लोगों ने अवैध मादक पदार्थ होने की कहकर उसकी तलाशी लेने लगे। चेकिंग के दौरान बदमाशों ने उसे नशीली दवाई सुंघा कर बेहोशी की हालत में कार में डालकर उसका अपहरण कर ले गए। बदमाशों ने उसकी जेब में रखे एक लाख बीस हजार रुपये और मोबाइल निकाल लिया। इसके अलावा उसकी स्कूटी भी लूटकर बदमाश ले गए। लूट की वारदात के बाद बदमाश पीडिता व्यवसायी को दूर गंगापुर सिटी में सदर थाना क्षेत्र में रोड किनारे छोडकर फरार हो गए। गंगापुर सिटी में पुलिस के संभालने पर परिजनों से सम्पर्क कर लूटपाट की जानकारी दी। इसके बाद जयपुर पहुंचने के बाद परिजनों के साथ करणी विहार थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल लूटेरों की तलाश की जा रही है।

### 'संकल्प पत्र के वादों पर काम शुरू'

**जयपुर** । भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में प्रदेश की जनता से 450 रूपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था व अपराधों की रोकथाम के लिए एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स और पेपर लीक के खिलाफ एसआईटी के गठन का वादा किया था इन सभी कामों को पूरा करने की दिशा में काम शुरू हो चुका है। जोशी ने कहा कि प्रदेश की देव तुल्य जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास जताते हुए जो आशीर्वाद और समर्थन दिया उसी की बदौलत भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। महज दो सप्ताह में ही उन सभी गारंटियों को पूरा करने की दिशा में काम शुरू करना अपने आप में ऐतिहासिक है। जोशी ने कहा कि पिछली सरकार और वर्तमान सरकार में यही बड़ा फर्क है, पिछली सरकार साढ़े चार साल तक सोती रही और अंतिम पांच महिने में योजनाओं पर काम करने लगी थी जबकि मौजूदा सरकार पहले महिने से ही एक्शन में आ गई। जिसमें कल ही 450 रूपये में गैस का सिलेंडर देने की घोषणा की गई है, और 1 जनवरी से प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। प्रदेश सरकार पर इस योजना के बाद 626.40 करोड़ का अतिरिक्त भार पड़ेगा। जोशी ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के भाव को लेकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा के घोषणा पत्र में किये गये वादे को पूरा करते हुए पेपर लीक के आरोपियों के खिलाफ कठोर और शीघ्र कार्रवाई के लिए एसआईटी का गठन किया। वहीं एसआईटी इस दिशा में प्रभावी काम कर रही है।

### पौषबड़ा प्रसादी 31 दिसंबर को होगी

**जयपुर**, (का.सं.)। बाबा हरिशचन्द्र मार्ग स्थित डबल शंकर महादेव मंदिर में रविवार को पौषबड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर बैण्ड बाजों, शंखनाद, नगाड़ों और घण्टे घड़ियालों के साथ भगवान शंकर की 1100 दीपकों से महाआरती उतारी जायेगी। माहआरती दोपहर तीन बजे की जायेगी। डबल शंकर महादेव मंदिर विकास समिति के संयोजक शरद खंडेलवाल ने बताया कि मंदिर की खूबसूरत सजावट की जायेगी और भगवान शंकर का भव्य श्रृंगार किया जायेगा। कार्यक्रम में आठ हजार से अधिक लोगों को टेबल कुर्सियों पर बिठाकर पंगत प्रसादी प्रदान की जायेगी। सबसे पहले संतों, बच्चों और वाल्मिकी समाज के लोगों की प्रसादी होगी। शरद खंडेलवाल के अनुसार समिति की ओर से गत 20 वर्षों से हर वर्ष जन सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

### कार्डियक अरेस्ट से डॉक्टर की मौत

**जयपुर** । राजधानी के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के डॉ. नीतिन पाण्डे की गुरूवार को कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। डॉ. पांडे मेडिकल कॉलेज में फिजीकल मेडिसिन एंड रिहेबिलिटेशन डिपार्टमेंट में प्रोफेसर थे और खेलों के प्रति उनका अच्छा रूझान था। उनकी आज मध्य प्रदेश के रतलाम में अटैक आने के बाद मौत हो गई।

### सुनील अग्रवाल बने निजी सचिव

**जयपुर** । राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निजी सचिव के पद पर सुनील कुमार अग्रवाल को पदस्थापित किया गया है। इस आशय के आदेश कार्मिक विभाग द्वारा गुरूवार को जारी किये गये।

## मुख्यमंत्री से मिले कर्मचारी नेता



**जयपुर** । अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रतिनिधिमंडल ने महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ की अगुवाई में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से मुलाकात की और उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दी।

महासंघ के शिष्टमंडल में प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के अलावा मुख्य महामंत्री राजेंद्र शर्मा, वित्त मंत्री सुरेश नारायण शर्मा, संयुक्त महामंत्री ओम प्रकाश चौधरी व सर्वेश्वर कुमार शर्मा, जिला अध्यक्ष छोटेलाल मीणा, जिला मंत्री गिरिराज शर्मा एवं इनके अलावा नरेंद्र कुमार वैष्णव, राकेश पारीक, राघव शर्मा , सत्येंद्र यादव, मोहनलाल शर्मा, सुरेंद्र गोयल, प्रभु लाल जाट, महेंद्र सिंह व रामनरेश आदि कर्मचारी नेता शामिल रहे।

## इलाज के बहाने महिला से दुष्कर्म

**जयपुर** । कानोता इलाके में बुरी हवा के साए का भय दिखाकर इलाज के बहाने एक महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने इलाज के बहाने ताबीज पहना कर वश में कर देहशोषण करता आ रहा है। इस संबंध में पीडिता की ओर से थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने बताया कि कानोता निवासी 39 वर्षीय एक महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि जनवरी-2019 में प्लाट खरीदने के दौरान उसकी मुलाकात आरोपी ज्योतिषी से हुई थी। जिसने बातचीत के दौरान उस पर कोई बुरी हवा का साया होना बताया। इसके कारण ही शरीर पर काले धब्बे पड रहे हैं। पीडिता का आरोप है कि अक्टूबर-2019 में नवरात्रों में इलाज के बहाने मिलने अकेला आने को कहकर बुलाया। जहां कमरे में इलाज के बहाने बुलाकर काले धब्बे हटाने के लिए उसे ताबीज पहनाया। ताबीज पहनाने के बाद पीडिता होश-हवास और सोचने-समझने की शक्ति खो बैठी।

# होटल में मिली युवक की लाश

## एक दिन बाद अलवर में फॉरेस्ट गार्ड की नौकरी ज्वाइन करने वाला था मृतक विजेन्द्र मीणा

- **पुलिस टीम युवक की मौत के कारणों की जांच में जुटी**

**जयपुर** । राजधानी जयपुर के एक होटल में युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक विजेंद्र मीना (26) तीन दिन से होटल में रुका हुआ था और झालाना डूंगरी में फॉरेस्ट गार्ड की ट्रेनिंग कर रहा था। उसको शुक्रवार को अलवर में फॉरेस्ट गार्ड की नौकरी जॉइन करनी थी। बुधवार सुबह युवक के बारे में जानकारी मिलने पर पुलिस होटल पहुंची। हथौड़े से गेट को तोड़कर अंदर पहुंची तो फर्श पर लाश पड़ी मिली।

मालवीय नगर पुलिस ने बताया कि मृतक विजेन्द्र मीणा मूलरूप से सिकराय (दौसा) का रहने वाला था। मृतक को फॉरेस्ट गार्ड की पोस्ट पर अलवर में जॉइन करनी थी। बुधवार सुबह 11 बजे जब होटल कर्मियों ने विजेंद्र मीणा के कमरे का गेट खटखटाया। काफी आवाज देने पर भी गेट नहीं खुला।

कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। गेट नहीं खुलने पर होटल कर्मियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर आई और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी। पुलिस जैसे ही अंदर घुसी तो विजेंद्र अर्धनग्न हालत में फर्श पर पड़ा मिला। साथ में शराब की बोतल भी मिली। खाना भी टेबल पर रखा था। पुलिस प्रथम दृष्टया मान रही है कि ज्यादा शराब पीने या फिर हार्ट अटैक आने की वजह से विजेंद्र मीणा की मौत हुई है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों के पहुंचने पर पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मालवीय नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस ने बताया कि युवक तीन दिन से इसी होटल में रुका हुआ था। उसके कुछ दोस्त भी उसके साथ थे, जो रात को चले गए थे। सुबह होटल स्टाफ ने पुलिस को युवक के गेट नहीं खोलने की जानकारी दी तो टीम मौके पर पहुंची।

# चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने 5 घंटे किया एस.एम.एस. अस्पताल का निरीक्षण


- **अस्पताल प्रशासन को स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए निर्देश दिए**

**जयपुर** (कासं)। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिव प्रसाद नकाते ने गुरुवार को सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने एसएमएस अस्पताल के विभिन्न विभागों में जाकर करीब 5 घंटे तक बारीकी से निरीक्षण किया और अस्पताल प्रशासन को स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए निर्देश दिए।

नकाते ने अस्पताल में आउटडोर एवं इनडोर सुविधाओं सहित धन्वतरि भवन व बांगड़ अस्पताल आदि का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने डॉक्टरों की उपस्थिति, प्रत्येक दवा काउंटर और जांच केंद्र पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आउटडोर और इनडोर में मरीजों एवं उनके परिजनों से बात कर चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मरीजों एवं परिजनों द्वारा बताई गई समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

नकाते ने अस्पताल परिसर में टूटी सड़क को जल्द ठीक करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि विशेष परिस्थितियों में दवा केन्द्रों पर निशुल्क दवा उपलब्ध नहीं होने पर रोगियों को प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्रों से दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। अस्पताल प्रशासन एवं सभी कार्मिक पूरी निष्ठां के साथ अपने दयित्वों का निर्वहन कर रोगियों को गुणवत्ता-युक्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं।

निरीक्षण के दौरान एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा, अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी, नर्सिंग अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



ARBIT it happens here...
राष्ट्रदूत
FRIDAY
29 December 2023
A-B



## Tick Tock Day


Tick Tock Day enables you to start the following year with a clear head. It can ensure that you start the next chapter of your life in the best possible way, giving yourself the greatest shot of having a successful year ahead. After all, no one wants to carry their clutter and disorganization with them into another calendar year, right? There is something quite therapeutic about having a couple of ultra-productive days before January hits. Work through your to-do list and finish any odd jobs so that you can leave your worries behind, and focus on the future.

#RESEARCH

# 'Pink Noise' Benefits Heart

The heart's pumping force and its relaxation were greater after nights with stimulation compared to nights without stimulation





Targeted stimulation with brief gentle sounds during deep sleep significantly enhances heart function, a new study shows.

Deep sleep is crucial for overall health. The brain recovers during this sleep stage, and the rest of the body seems to regenerate, then.

A new study finds that the targeted stimulation causes the heart, in particular, the left ventricle, to contract and relax, more vigorously. As a result, it pumps blood into the circulatory system and draws it out again, more efficiently. The left ventricle supplies most organs, the extremities, and the brain with oxygen-rich arterial blood.

When the heart contracts, the left ventricle is squeezed and wrung out like a wet sponge. The more immediate and more powerful this wringing action, the more blood enters the circulation and the less remains in the heart. This increases blood flow, which has a positive effect on the cardiovascular system.

The researchers used echocardiography (cardiac ultrasound examinations) to demonstrate that the left ventricle undergoes more intense deformation after nocturnal stimulation. This is the first time, anyone has shown that an increase in brain waves during deep sleep (slow waves) improves cardiac function.

"We were expecting that stimulation with tones during deep sleep would impact the cardiovascular system. But the fact that this effect was so clearly measurable after just one night of stimulation, surprised us," says project leader and sleep expert Caroline Lustenberger, a fellow at the Neural Control of Movement Lab at ETH Zurich.

"We clearly saw that both, the heart's pumping force and its relaxation, were greater after nights with stimulation compared to nights without stimulation," says Christian Schmid, adjunct professor at the University of Zurich and senior consultant for Cardiology at the University Hospital Zurich.

Both factors are an excellent measure of cardiovascular system function.

### 'Pink Noise' Stimulation

The study involved 18 healthy men, aged 30 to 57, who spent three non-consecutive nights in the sleep laboratory. On two nights, the researchers stimulated subjects with sounds. On one night, they did not.

While subjects slept, the scientists continuously measured their brain activity, blood pressure, and heart activity. They coupled their measurements to a computer system that analysed the incoming data.

As soon as the readings indicated that the subject had fallen into deep sleep, the computer played a series of very brief tones at certain frequencies, called *pink noise*, which sound like static. Ten seconds of such tones were followed by ten seconds of silence, and then the same procedure was repeated. A feedback mechanism ensured that the noise was played at the right time and depending on the brain wave pattern, stopped again.

This experimental setup allowed researchers to directly monitor whether the sound simulation enhanced deep sleep and whether it influenced the subjects' heart rate and blood pressure.


"During stimulation, we clearly see an increase in slow waves, as well as a response from the cardiovascular system that is reminiscent of cardiovascular pulsation," says lead author Stephanie Huwiler.



# 'Then And Now' PART:1

# Cricket- the India Way

Abbas Ali Baig, too, has contributed to this book under the chapter "After The Kiss." Baig goes like this: "Just as I relaxed happily with the thought that I had left the kissing saga well behind the field after saving the match against Australia in Bombay's Brabourne Stadium, I heard a gentle knock on the dressing room's door, where I found a respectable looking elderly gentleman standing outside with a few pretty young ladies. The lovely young ladies were from respectable families and were watching the match from guest boxes and would be very happy if I would allow each one of them, individually, to do what the naughty girl had so boldly done on the field, before a crowd of 50,000. And this would be done quietly in my room with no prying eyes distracting me from the action. But I agreed. One after another, the ladies and I went through the process. The man, who made this happen, remained a dear friend all my life."






Venkat Sundaram



Palwankar Baloo-the first dalit cricketer



Salim Durani



Dr B R Ambedkar




Abbas Ali Baig

#CRICKET



Prakash Bhandari
*The writer is a senior journalist*

Cricket, as a sport, got a boost after the game started being played under the glare of the floodlights. This made the willowy game an all season sport and played around the world under different climatic conditions and wickets. Even in the past, the cricket lovers would enjoy reading about the game, after witnessing cliff-hangers. With different forms of cricket, cricket literature has also undergone change and numerous books on *various variants of cricket* are getting published.

Cricket was introduced in the country by the British and many of us still feel that cricket was the best parting gift that the British gave us, before leaving the country, after almost two centuries of rule.

Cricket, as a sport, has many attributes. It teaches you *discipline*, it improves your *thought process*, it teaches you *arithmetic*, *psychology* and *philosophy*.

The sport was favoured by the British and later, in Bombay, they started playing against the Parsees. Cricket was an exclusive English creation and the Victorians glorified it as a perfect system of ethics and glory. As the sport was played by the British rich and the bureaucrats, the *Maharajas* and the *rich Indian merchants* took to the sport as a matter of social presence, who prized it as a national symbol.




Union minister Meenakshi Lekhi ( centre) at the launch of the book. On the left is the editor of the book, Venkat Sundaram and on the right is Navroz Dhondy, the nephew of Nari Contractor, who also contributed to the book.

Cricket was a sport of the *affluent and the Maharajas*. They earnestly played and patronized cricket by the middle of the 18th century.

Unfortunately, for England that even, as they has "invented" the game, it took them 44 years to win their maiden World Cup on July 14, 2019. It may be recalled that the One-Day limited over International World Cup began way back in 1975.

Over the years, India has become a force to reckon with and commands high reputation as the patron of cricket with tons of money. It's the dream of every cricketer to play in the IPL.

Cricket, though an expensive sport to play by Indian standards, has touched the lives of our people.

Numerous books have hit the stands recently when India hosted the World Cup ODI. But the book, '*Indian Cricket: Then And Now,*' edited by former Delhi and North Zone skipper *Venkat Sundaram* is a fascinating book. A dear friend, Venkat, even though his playing days were over long time ago, served the sport as a curator. Well-educated with a strong cultured background, he took to writing and produced a book, '*The Sardar Of Spin,*' a book on late *Bishan Singh Bedi*. This book had a collection of articles by illustrious cricketers and cricket writers on Bedi.

Venkat Sundaram's new edited book is categorised into six sections, The Early Years, Legends of the Past, Winds of Change, The Modern Age, Domestic Stalwarts and Beyond the Pavilion, and each of them chronicles the game's extraordinary journey starting with the iconic first-ever Test match that India played at Lord's in 1932, against host, England.

The book's foreword has been written by former Indian skipper and currently the coach of the Indian team, Rahul Dravid.

In the foreword, Rahul Dravid, the former Indian Captain, notes, "From a game once sponsored and nurtured by the royal class, cricket has come to be accepted as a game for everybody. The fact that India has won two 50-overs World Cups and the T20 World Cup is a matter of national pride."

Shashi Tharoor, MP, has also contributed to this compilation of writings. He mentions some golden moments of an anonymous sari-clad beauty running out and giving a public kiss to Abbas Ali Baig in Bombay while he returned to the pavilion and outrage in the country, when Salim Durani was dropped from the national team, during the England tour in 1972.

Abbas Ali Baig, too, has contributed to this book under the chapter "After The Kiss."

Baig goes like this:

"Just as I relaxed happily with the thought that I had left the kissing saga well behind the field, after saving the match against Australia in Bombay's Brabourne Stadium, I heard a gentle knock on the dressing room's door, where I found a respectable looking elderly gentleman standing outside with a few pretty young ladies.

The lovely young ladies were from respectable families and were watching the match from guest boxes and would be very happy if I would allow each one of them, individually, to do what the naughty girl had so boldly done on the field, before a crowd of 50,000. And this would be done quietly in my room with no prying eyes distracting me from the action.

But I agreed. One after another, the ladies and I, went through the process. The man, who made this happen, remained a dear friend all my life."

Years later, I ran into one of these young ladies, who by then, was the wife of a long-time friend. Neither of us were embarrassed by the past encounter. Cricket teaches us to live in the low, learning from the multiple ifs and cheerfully marching on, imbibing only the positives to compile a well-earned century.

Like Raju Mukherjee, the former skipper of Bengal and East Zone, who often writes with flair on cricket, Venkat has gone beyond and has worked very hard to ask others to write on various topics related to cricket, which forms the text of the *Indian Cricket: Then And Now*. Venkat was a good batsman and in the year 1977-78, when even after he averaged 98.12, in domestic cricket, yet, he was not chosen to play for the country.

Sundaram knows the game inside out, and his motivation for putting this one together is itself an interesting story. Not too long ago, a great Indian opening batsman was nearing the world record for the first wicket partnership in Tests. When informed that he was within touching distance of a record held by *Vinoo Mankad*, he asked who Mankad was.

His reaction was, "Very few names in Indian cricket have been bigger than Mankad. Yet, this incident illustrates that even he is liable to be forgotten. We had to do something so that these names live on, and *Indian Cricket: Then and Now* is the result."

There are 47 contributions to the book from 40 different writers and some of the pieces were written, especially, for this book.

Raju Mukherjee paid glowing tributes to three exemplary figures from Indian cricket in the hope that their deeds will be long remembered.

Mukherjee writes about *Mehlasha Pavri* who was a member of the first Parsi team to tour England in 1886.

In a match against Gentlemen of England, Pavri took six wickets for 56 that led the Parsis win this match. Pavri became the first Indian to play county cricket in England when he played for Middlesex and later, for Cambridge University.

Palwankar Baloo, a dalit and an "untouchable" cricketer belonged to a very poor family of Dharwar and his family moved to Poona in search of work. He got a job as a groundsman in *Poona Gymkhana*, where he showed his cricketing abilities. Later, after moving to Bombay, he got the opportunity to play for *Hindu Gymkhana*. The team members would play with Baloo, but would keep him at a distance. He skippered the Hindus in the Quadrangular victory. The high caste raised their brows on giving a *dalit* the captainship. But Baloo proved it with his bowling prowess. In 1911, when the *Maharaja of Patiala* had taken his team to England, Baloo delighted everyone with his bowling skills and he teased and tormented the English batters with his skills. He showed to the world that a social outcast from a small village in India could do wonders.

Baloo had three other brothers, Shivram, Vithal and Ganpat, and these four brothers made the Hindus team a great outfit. But the *dalit brothers* were only exploited and forgotten.

Once, Dr. B.R. Ambedkar asked Baloo that as they are called *untouchables* in the Hindu community, they should convert to Buddhism. But Baloo did not heed the call given by Ambedkar, as he trusted Mahatma Gandhi. Baloo felt with Mahatma Gandhi's emergence, the status of his community would become important, and they would become a part of the mainstream. In 1937, Baloo fought an election against Ambedkar and lost. Baloo died in penury in 1955 *as a forgotten hero*.

One of the early pieces in the book is from the pen of Vijay Merchant, and gives an account of an episode in 1936, when, for suggesting Maharajkumar of Vizianagram that he should step down from the Test side and he was almost sent home.

The book also salutes legendary cricketers like C.K. Nayudu, Vijay Hazare, Vijay Merchant, Nari Contractor, Tiger Pataudi, Ajit Wadekar, Salim Durani and the Spin Quartet of the 1960s and 1970s, to Sunil Gavaskar, G. R. Vishwanath, Kapil Dev, Dilip Vengsarkar, Anil Kumble, Sachin Tendulkar, M.S. Dhoni and Virat Kohli.

Legend among the cricket writers, K.N. Prabhu's article on C.K. Nayudu was reproduced in the book by Venkat Sundaram, who preserved this article for years.

K.N. Prabhu writes about C.K. Nayudu as a cricketer who was a legend in his lifetime. He was a mighty hitter and was the first Indian, honoured by the Wisden, after a successful tour of England in 1932.

On that tour of 1932, he was often compared with Sir Donald Bradman. But the great cricket writer, Neville Cardus, spotted the essential difference.

Cardus wrote "Nayudu is lithe and wristy and volatile. Bradman is steady and concentrated. He never suggests that elusive and poetic quality which is best called 'sensibility.' Nayudu is a very sensitive batsman, from each of his stroke, you find an impression of a newborn energy, of a sudden improvisation of superb technique.

Nayudu is not at all mechanical. Watching him from the ring, you get a delicious suggestion in his play of fallibility.

Unlike Bradman, his skill is his servant, not his master. The glorious uncertainty of cricket is not endangered by Nayudu."

**To be Continued...**

rajeshsharma1049@gmail.com



Abbas Ali Baig, being kissed by a girl who intruded into the Brabourne Stadium in 1960 to plant a kiss on Baig, after he scored a century, against the Australians.

#KEEP-PEDALLING

# Scenic Cycling Routes In India



The mesmerising landscapes will make your journey more beautiful than the destination. From the sand dunes of Rajasthan to hills of Cherrapunji, every route has stunning sights for you, to cherish always.



Remember, as a kid, the joy of receiving your first cycle? Relive those days from your childhood and venture off with your cycles to explore the most scenic journeys in the country. From the *east coast* in the south to *Gangtok* and *Nathula Pass* in the northeast, invigorate yourself with the thrill and excitement that come with discovering life-altering destinations.

### Chennai to Pondicherry-East Coast Trail

Clear roads sprinkled with sparkling beaches make this trail one of the best in India. The route, going through *Mahabalipuram*, is renowned for its glistening seaside views. The journey, which also happens to be the easiest on this list, will take one to two days, depending on your stamina and determination. The 150-kms adventure will involve pedalling past *Kelambakkam,* where the *Thiruporur temple pond* will be brimming with water. The glorious lush green of the East Coast Region is sure to bring a smile on your face.
**Duration:** 1-2 days
**Level:** Easy

### Somnath to Diu

Moving further up north, this trip is slightly more challenging than the East Coast trail. Encompassing over 200 kms, if you avoid the conventional highways, the landscape is extremely picturesque. Cycle by the coconut farms, and let the clear blue skies flooded by migratory birds add to the perfect setting. With the sea along the route, observe the unusual palm trees called the *Hokka trees*. Originally brought here by the Portuguese, the trees have edible fruits bearing medicinal powers.
**Duration:** 3 days



**Level:** Moderate

### Ahmedabad to Jaipur

Having explored the greenery of Gujarat, make your way to the home of the *Rajputana* dynasties. Pedal through the route from Ahmedabad, admiring the glamorous forts and lakes of this historical state. Make stopovers, if you have time to get a closer look at the bastions, and remember to cherish the view from these magnificent structures, that once served the kings of the region. Apart from this, you will also have the opportunity to marvel at the unending *Thar Desert*. The sheer size of this unyielding landscape is sure to capture your imagination.
**Duration:** 10-12 days
**Level:** Moderate

### Shillong to Cherra


From one end of the country to another, far away from the desert of the West and into the hills of the East, *the Shillong to Cherrapunji (*also called *Sohra) trail* is one that you shouldn't miss out on. One of the more difficult trails on this list, the hilly terrain is sure to make your ride challenging. The short 60 kms adventure, though, might take up to two days. The sudden twists mixed with surprising turns are certain to make this journey, the one to remember. But, be assured that the scenic mountain and valleys on either side will add another dimension to your trip.
**Duration:** 1-2 days
**Level:** Difficult

### Gangtok to Nathu La

Possibly, the most beautiful trail on this wish list, the *Gangtok to Nathu La* is close to the Indo-Chinese border and is often used by the army. Hence, a permit is required for you, before you go on this journey. While the distance from the Sikkimese capital city to the pass is a mere 60 kms, it is the elevation which makes this ride the most challenging. Situated at an altitude of over 14,000 ft, the road isn't in the best of conditions. The unwavering cold weather is a further hindrance. However, get past all those obstacles, and you'll be faced with an unforgettable view, one, that is sure to leave you immobile!
**Duration:** 1 day
**Level:** Difficult



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# सामान्य कार्यकर्ता को सी.एम. बनाना कोई आसान फैसला नहीं : डॉ. पूनियां

## सतीश पूनियां ने राजगढ़ में अमर शहीद राजेंद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया

**खेतड़ी/राजगढ़/जयपुर।** भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने खेतड़ी में विशाल किसान सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, पूर्व सैनिक कल्याण मंत्री प्रेम सिंह बाजौर, विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर सहित पार्टी के कई नेता मौजूद रहे एवं भारी संख्या में किसान सरदारी और युवाओं का जनसैलाब उमड़ा।

इससे पहले सतीश पूनियां ने चुरू के राजगढ़ में अमर शहीद राजेंद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया और वीर शहीद के परिजनों का आशीर्वाद लेकर उन्हें सम्मानित किया। खेतड़ी में शहीद रामकुमार गुर्जर की स्मृति में आयोजित विशाल किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुये सतीश पूनियां ने कहा कि, 200 विधानसभा क्षेत्रों में गया हूं, मैंने देखा कि जहां जनता टिकट मांग रही है वह क्षेत्र सिर्फ खेतड़ी है जहां 50 हजार से अधिक लोगों ने एक सुर में अपने क्षेत्र के हित में टिकट मांगा और जनता ने विजय का आशीर्वाद देकर इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर को विधानसभा पहुंचाया, जिसके लिये खेतड़ी की समस्त 36 कौम का पार्टी परिवार की तरफ से हार्दिक आभार और अभिनंदन व्यक्त करता हूं।



खेतड़ी में विशाल किसान सम्मेलन को भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने संबोधित किया।

डॉ. पूनियां ने कहा कि, जीत आनंद तो देती है, लेकिन जीत चुनौती भी होती है, अभी भाजपा की सरकार बनी है, काम करने की इच्छायें भी बहुत हैं, काम भी बहुत करना है, सरकार भी काम करना चाह रही है, लेकिन पीछे मुड़कर देखना पड़ेगा, जिस समय कांग्रेस पार्टी की सरकार रही वह 6 लाख करोड़ का कर्जा छोड़कर गई है, प्रदेश के हर व्यक्ति पर लगभग 70-80 हजार रुपये का कर्जा है। कांग्रेस सरकार 11 लाख मुकदमे छोड़कर गई है, राजस्थान में 19 बार के पेपर लीक छोड़कर गई है, ऐसी बहुत सारी चीजें हैं जो कांग्रेस विरासत में छोड़कर गई है, अब इस टूटे फूटे घर को संभालना, खड़ा करना और एक नई इमारत खड़ा करना यह सरकार और विधायकों के लिये चुनौती भी है, क्योंकि पहाड़ जैसी आपकी अपेक्षायें हैं, हम इन सारी चुनौतियों का मुकाबला करेंगे, उसमें आप सब लोगों का सहयोग और संयम चाहिये।

डॉ. पूनियां ने कहा कि आज भाजपा का फैसला देखिये कि एक सामान्य कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाना कोई आसान फैसला नहीं है। यहां आपके बीच में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा बैठे हैं, यह जयपुर के दूदू जिले के हैं, एक सामान्य परिवार से हैं, यह काम भाजपा ही कर सकती है कि सामान्य व्यक्ति और कार्यकर्ता को उपमुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा सकती है। यह पहला बदलाव है, संकल्प है पहला, यह प्रतिबद्धता है कि एक आदमी भी बड़ी कुर्सी पर बैठ सकता है, जब आम आदमी बड़ी कुर्सी पर बैठता है तो यह तय मानिये कि वह किसानों और आमजन की संवेदनाओं एवं प्रतिबद्धता के साथ काम करता है। खेतड़ी की किसान सरकारी से सतीश पूनियां ने आव्हान करते हुये कहा कि एक परीक्षा और है आपकी, एक सहयोग और चाहियेगा आपका, क्योंकि महीने-दो महीने में कोई करामात नहीं होती है, जादू का समय चला गया, जादूगर भी चला गया, भाजपा की सरकार कार्यकर्ताओं की सरकार है, किसानों और नौजवानों की सरकार है, इस सरकार को चुनौतियों का सामना करने में समय जरूर लगेगा।

कार्यक्रम में डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि शहीद रामकुमार गुर्जर ने 36 कौम को साथ लेकर अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी और क्षेत्र को लोगों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी थी। कांग्रेस सरकार झूठे वादे कर सत्ता में आई थी, जिसने पांच साल तक युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। इस मौके पर श्रीमाधोपुर विधायक झाबर सिंह खर्रा, विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़, खंडेला विधायक सुभाष मील, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, पूर्व मंत्री प्रेम सिंह बाजोर, पूर्व विधायक हजारीलाल गुर्जर, सुभाष पूनिया, जिलाध्यक्ष पवन मांवडिया, शुभकरण चौधरी, हरिराम रिणवा, माया देवी, महंत सुरेश आसींद, सतीश गजराज, सूरजगढ़ प्रधान बलवान पूनिया, पूर्व प्रधान बाबा जसनाथ, केडी बाबर, करण सिंह बोपिया, पूर्व सरपंच फतेह सिंह शेखावत, बबलू अवाना, डॉ प्रभु राजोता, हरिराम गुर्जर, निखिल शर्मा, रोहितास मनकस, रामनिवास बजाड़, राकेश टीबा, ईश्वर पांडे, नरेश, सुरेंद्र, अजीत सिंह, नगेंद्र सिंह सोडा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# कार से 13 लाख रुपए की अफीम बरामद, दो गिरफ्तार

## दोनों आरोपी भीलवाड़ा से अफीम खरीदकर लाए थे

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने देर रात रेलवे स्टेशन के पीछे बीएसएफ रोड पर दो युवकों से पांच किलो 200 ग्राम अफीम बरामद कर गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम की बाजार कीमत 13 लाख रुपए आंकी जा रही है। इनोवा कार से दोनों आरोपी भीलवाड़ा से यह अफीम खरीदकर लाए थे, लेकिन पुलिस को भनक लग गई।

ऐसे में इन दोनों ने हिन्दुमलकोट एरिया में जाने के बजाय यू टर्न लेते हुए वापस अपनी कार को बीएसएफ स्कूल के आगे से हनुमानगढ़ क्षेत्र की ओर जाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने इस कार को किसी तरह काबू कर लिया। इन दोनों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। कोतवाली के एसआई रोहिताश पूनियां ने बताया कि सूचना मिलने पर देर रात को नाकेबंदी कराई गई। इस दौरान

**■ पूछताछ में खुलासा हुआ है कि एक आरोपी महीने में दो बार भीलवाड़ा जाता था**

बीएसएफ स्कूल के पास एक इनोवा कार को रूकवाया तो उसमें सवार गांव पक्की निवासी 29 वर्षीय काका सिंह पुत्र पालासिंह रायसिख और इसी गांव के 42 वर्षीय गुरदयाल पुत्र अमरसिंह रायसिख को काबू किया। इनके कब्जे से पांच किलो 200 अफीम और पहले अफीम बेचान के एवज में वसूल की गई 28 हजार रुपए की राशि बरामद की गई। इन दोनों ने प्रारंभिक पूछताछ में भीलवाड़ा से अफीम लाना स्वीकारा है। दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। वहां से सात दिन पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

जांच अधिकारी पुरानी आबादी एसएचओ धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी गुरदयाल सिंह शातिर अपराधी है। वह करीब पच्चीस किलो अफीम तस्करी के आरोप में पलू क्षेत्र में गिरफ्तार हुआ था और उसे सात साल की सजा भी मिली थी। सजा काटने के बावजूद उसने मादक पदार्थों की तस्करी का धंधा छोड़ा नहीं। उसने अपने इस धंधे के लिए गांव के ही युवा काकासिंह को कैरियर के तौर पर साथ रख लिया। जांच अधिकारी ने बताया कि अब तक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी गुरदयाल सिंह हर महीने दो बार भीलवाड़ा जाता था। वहां से पांच-पांच किलो अफीम की खेप लाता था। यह आरोपी ने काफी बार अफीम लाकर यहां बेच चुका है। इस आरोपी को काबू करने के लिए हिन्दुमलकोट थाने के वाहन चालक दिनेश की सूचना अहम रही। इस वाहन चालक की सूचना पर जिला विशेष टीम की टीम ने जाल बिछाया और दोनों आरोपी धरे गए।

## वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**धौलपुर, (निसं)।** सैंपऊ थाना क्षेत्र के राजौरा गांव के पास सड़क क्रॉस करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। सैंपऊ अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर किए गए बुजुर्ग ने रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक गौरी शंकर (75) पुत्र जसराम लोधा निवासी राजोरा कलां के शव को अस्पताल लेकर पहुंचे परिजनों ने बताया कि बुधवार को बुजुर्ग सड़क क्रॉस कर रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोग बुजुर्ग को लेकर सैंपऊ अस्पताल पहुंचे, जहां से बुजुर्ग की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद परिजन घायल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां इमरजेंसी में तैनात ड्यूटी डॉक्टर ने बुजुर्ग को मृत घोषित करते हुए शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। घटना को लेकर गुरुवार सुबह परिजनों द्वारा थाने में रिपोर्ट दिए जाने के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची, जहां पंचनामा कार्रवाई कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बुजुर्ग का पोस्टमार्टम करने के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है।

# रोहित गोदारा का गुर्गा एवं हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

## आरोपी गैंगस्टर रोहित गोदारा का खास आदमी रहा है

**बीकानेर, (निसं)।** मादक पदार्थ तस्करों, बदमाशों एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष धरपकड़ अभियान चलाया गया। रेंज के चारों जिलों में 231 टीमों में शामिल 963 पुलिस अधिकारियों-जवानों ने 931 जगहों पर दबिश देकर 362 बदमाशों को पकड़ा। अभियान के दौरान बड़ी सफलता बीकानेर पुलिस को लगी।

बीकानेर पुलिस ने नापासर थाने के हिस्ट्रीशीटर एवं गैंगस्टर रोहित गोदारा के खास गुर्गे गोपाल जाखड़ को गिरफ्तार किया। बीकानेर रेंज पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि अभियान के दौरान 45 स्थायी वारंटी, उद्घोषित अपराधी, गिरफ्तारी वारंट में वांछित अपराधी पकड़े गए। एक एनडीपीएस एक्ट का दर्ज किया गया, जिसमें दो अपराधियों से कब्जा से 5 किलो 200 किग्रा अफीम व एक कार बरामद की गई।

जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि अभियान के दौरान 79 पुलिस टीमों ने 314 जगहों पर छापेमारी की। 27 वारंटी, 1 इनामी बदमाश, 4 वांछित अपराधी एवं 62 अन्य आपराधिक प्रवृति के लोगों को पकड़ा गया। अभियान के दौरान नापासर थाने के हिस्ट्रीशीटर एवं गैंगस्टर रोहित गोदारा के खास गुर्गे गोपाल (41) पुत्र खेराजराम जाट को पकड़ा गया। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में मारपीट, आर्म्स एक्ट, जानलेवा हमला, हत्या जैसे संगीन मामले दर्ज हैं। आरोपी गैंगस्टर रोहित गोदारा का खास आदमी रहा है। जेएनवीसी थाने में जमीन संबंधी में एक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के साथ-साथ श्रीडूंगरगढ़ थाने के एक प्रकरण में भी वांछित हैं।

ओमप्रकाश, पुलिस महानिरीक्षक बीकानेर रेंज का कहना है कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर दो दिन और विशेष अभियान चलाया जाएगा। गैंगस्टरों के संपर्क वालों को लेकर विशेष योजना बनाई जा रही है। प्रदेश में शांति कायम करने के लिए पुलिस बड़ा एक्शन लेगी।

# ट्रैक्टर और बोलेरो की टक्कर से युवक की मौत, चार घायल

**धौलपुर, (निसं)।** सैंपऊ थाना क्षेत्र में बुधवार शाम बोलेरो और ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, वहीं बोलेरो सवार 4 लोग गंभीर घायल हो गए।

घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बोलेरो सवार सभी लोग गमी में शामिल होकर वापस मुरैना (मध्य प्रदेश) लौट रहे थे। थाना प्रभारी हरभान सिंह ने बताया कि नेशनल हाईवे पर कुम्हेरी गांव के पास सैंपऊ की ओर से आ रही बोलेरो गाड़ी की धौलपुर की ओर से आ रहे पत्थरों

**■ बोलेरो सवार सभी लोग गमी में शामिल होकर मुरैना (मध्य प्रदेश) लौट रहे थे**

से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हुई। हादसे में बोलेरो सवार एक युवक की मौत हो गई। बोलेरो सवार मुरैना (एमपी) के रहने वाले हैं। जो सैंपऊ में एक गमी में शामिल होने के लिए आए थे। गमी में शामिल होने के बाद जब बोलेरो सवार वापस लौट रहे थे तो कुम्हेरी गांव के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर से बोलेरो गाड़ी की भिड़ंत हो गई।

हादसे में हरिओम (25) पुत्र सुदामा निवासी लालोर खुर्द सिटी कोतवाली मुरैना की मौके पर ही मौत हो गई। बोलेरो सवार लीलावती (45) पत्नी सुदामा, सुदामा (50) पुत्र भगवान सिंह, रामबेटी (60) पत्नी हाकिम सिंह, गुड्डी (52) पत्नी गोपाली निवासी मुरैना घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में सभी का इलाज किया जा रहा है।

## ट्रॉली का टायर फटने से लोहे का टुकड़ा बालिका को लगा

**धौलपुर (निसं)।** बजरी से भरी ट्रॉली का चलते समय टायर फट गया। इस दौरान लोहे की रिम टुकड़ा टूटकर हेड पंप पर पानी भर रही नाबालिग को जा लगा। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

घटना सदर थाना क्षेत्र के गांव रामनगर में हुई। नाबालिग के परिजन चरण सिंह ने बताया कि नाबालिग रश्मि (15) हेड पंप पर घर के सामने पानी भर रही थी। इसी दौरान घर के सामने सड़क मार्ग पर बजरी से भरी हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली निकल रही थी। तेज रफ्तार में ट्रॉली का टायर फट गया और लोहे की रिम के टुकड़े टूटकर रश्मि में जा लगे। जिससे वह गंभीर

**■ नाबालिग बालिका गम्भीर घायल**

रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। उसके सिर और हाथ-पैर में गंभीर चोट लगी है। घटना को अंजाम देकर बजरी माफिया फरार हो गया। घटना के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराई गई किशोरी को इलाज के लिए परिजन निजी अस्पताल ले गए। गौरतलब है कि शहर में अवैध बजरी का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बजरी लेकर जाने वाले चालक हाईवे, सड़क मार्ग और गांव में भी तेज रफ्तार से वाहनों को ले जाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रहीं हैं।

# हिंदी भाषा नहीं, बल्कि संस्कृति और भारतीयता का गौरव है : राज्यपाल कलराज मिश्र

## जोधपुर में राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**जोधपुर, (कासं)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि हिंदी भाषा नहीं बल्कि संस्कृति और भारतीयता का गौरव है। उन्होंने कहा कि हिंदी ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौर से लेकर वर्तमान काल तक भारत के सांस्कृतिक एवं जीवन मूल्यों को एक सूत्र में पिरोए रखा है। मिश्र गुरुवार को जोधपुर में राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि स्वाधीनता आंदोलन के दौरान हिंदी ने पूरे देश को एकजुट रख कर देशवासियों में राष्ट्र प्रेम और स्वाभिमान की अद्भुत भावना जागृत करने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वराज, स्वदेशी और स्वभाषा की चर्चा करते हुए कहा कि बिना स्वदेशी व स्वभाषा के स्वराज सार्थक नहीं होगा।

मिश्र ने कहा कि हिंदी विश्व में सर्वश्रेष्ठ भाषाओं में एक है तथा अपनी सरलता, सहजता एवं व्यापकता के कारण पूरे देश में संपर्क भाषा के रूप में स्थापित हो गई है। संविधान ने भी हम सब पर राजभाषा हिंदी के विकास और प्रयोग-प्रसार का दायित्व सौंपा है। यह कार्य सभी के सहयोग और सद्भावना से ही संभव है। उन्होंने हिंदी के शब्द भंडार को निरंतर समृद्ध करने, हिंदी को तकनीक से आगे बढ़ाने और इसे विश्व अनुवाद की भाषा के रूप में विकसित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारी व्यवस्था लोकतांत्रिक और जन-कल्याणकारी है। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं तभी प्रभावी बन सकेंगी जब आम जनता उनसे लाभान्वित होगी। उन्होंने इसके लिए हिंदी को काम-काज की भाषा बनाए जाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने प्रौद्योगिकी से हिंदी को अधिकाधिक जोड़ने का आव्हान किया।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि भारत की संस्कृति को समझने के लिए भारत की भाषा को समझना आवश्यक है उन्होंने कहा कि संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता से आगे बढ़ने का आ ान किया। उन्होंने कहा की नई शिक्षा नीति इसी दिशा का एक सशक्त प्रयास है, आज हिंदी सहित सभी भारतीय भाषाओं का प्रयोग और सम्मान बढ़ रहा है। समारोह में अतिथियों का स्वागत करते हुए सचिव, राजभाषा विभाग, अंशुली आर्या ने बताया कि देश की अन्य भाषाओं से हिंदी को समृद्ध करने की दिशा में 'हिन्दी शब्द सिंधु', बृहत् शब्दकोश का निर्माण किया जा रहा है। इसमें विभिन्न विषयों- जनसंचार, आयुर्वेद, खेलकूद, अंतरिक्ष विज्ञान, भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान, वैमानिकी, कंप्यूटर, इलैक्ट्रॉनिक्स भूगर्भशास्त्र, मानविकी आदि से संबंधित शब्दावली के साथ-साथ पारंपरिक शब्दावली को भी समाहित किया जा रहा है। कार्यक्रम में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर के निदेशक प्रो. शांतनु चौधरी, मंडल रेल प्रबंधक, जोधपुर एवं जोधपुर की नराकास के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, विभिन्न कार्यालयों सहित केंद्र सरकार और केंद्रीय कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इससे पहले राज्यपाल ने राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के निष्पादन के लिए पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र तथा शील्ड देकर सम्मानित किया।

# उत्कर्ष एप के सभी ऑनलाइन कोर्सेस पर भारी छूट

**जोधपुर, (कासं)।** उत्कर्ष क्लासेस द्वारा इस नववर्ष के अवसर को विद्यार्थियों के लिए और भी खास बनाते हुए उत्कर्ष एप के सभी ऑनलाइन कोर्सेस पर 29 दिसंबर से 2 जनवरी, 2024 तक पांच दिवसीय महा डिस्काउंट ऑफर रखा गया है। उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि 2024 के शुभ आगमन को देखते हुए संस्था द्वारा उत्कर्ष एप में उपलब्ध 650 से अधिक ऑनलाइन कोर्सेस पर यह ऑफर दिया जा रहा है जिसके तहत विद्यार्थी इन कोर्सेस पर 90 प्रतिशत तक की छूट पाकर लाभान्वित हो सकते हैं।

गौरतलब है कि उत्कर्ष एप में आईएएस, आरएएस, यूपीपीएससी, एमपीपीएससी, बीपीएससी, बीएसएससी, एसएससी, बैंक, रेलवे, केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) इत्यादि के अतिरिक्त राजस्थान तथा अन्य राज्यों के विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं सहित नीट-जेईई, क्लेट, सीयूईटी, डिफेंस, नर्सिंग, कृषि, न्यायिक सेवा परीक्षा, इंजीनियरिंग के ऑनलाइन कोर्सेस तथा सीबीएसई एवं विभिन्न राज्य बोर्ड के तहत कक्षा 6 से 12 तक (हिंदी व अंग्रेजी माध्यम) के ऑनलाइन ट्यूशन कोर्सेस उपलब्ध हैं। इन सभी श्रेणियों पर यह डिस्काउंट ऑफर उपलब्ध है। इसके साथ ही उत्कर्ष एप के ऑनलाइन कोर्सेस ई-मित्र, सीएससी तथा आरकेसीएल से प्राप्त करने पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट दी जाती है।

**अफोर्डेबल प्राइज में क्वालिटी एजुकेशन उत्कर्ष एप को बनाता है खास :-** उत्कर्ष एप में उपलब्ध ऑनलाइन कोर्सेस अफोर्डेबल प्राइस में क्वालिटी एजुकेशन के साथ विद्यार्थियों के बीच अपनी खास पहचान बनाए हुए हैं। इन ऑनलाइन कोर्सेस के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुभवी विषय विशषज्ञों की लाइव अथवा रिकॉर्डेड क्लासेस, ऑडियो लेक्चर्स सहित स्मार्ट ई-बुक्स एवं ई-नोट्स, क्लास पीडीएफ, सेल्फ टेस्ट्स क्रिएशन, ऑल इंडिया वीकली टेस्ट सीरीज, बहु वैकल्पिक प्रश्नों के माध्यम से अभ्यास इत्यादि सुविधाएँ नाममात्र के शुल्क में प्राप्त होती है।

# बैंक में पैसे जमा कराने आए युवक से ठगी

## बातचीत में उलझाकर एक लाख रुपए ले गए बदमाश

**धौलपुर, (निसं)।** बाड़ी कस्बे के कोतवाली थाना क्षेत्र में एसबीआई बैंक में भाई के खाते में रुपए जमा करने गए एक युवक को बैंक में खड़े बदमाश बातों में उलझाकर बैंक से बाहर ले गए।

कुछ दूरी पर ले जाकर युवक के पास प्लास्टिक की थैली में रखी नोटों की गड्डी को पार कर दिया। बदले में रुमाल में बंधी कागजों की गड्डी थमा कर फरार हो गए। बटवाल पाड़ा निवासी पीड़ित युवक लक्ष्मण प्रजापति पुत्र सियाराम प्रजापति ने बताया कि वह एसबीआई बैंक में अपने बड़े भाई रामविलास जो चेन्नई में रेलवे में नौकरी करते हैं उसके खाते में एक लाख रुपए डालने गया था। इसके लिए उसने वाउचर भी भर लिया।

इसी दौरान तीन से चार की संख्या में युवक आए और उससे बैंक में पैसे जमा कराने को लेकर पर्ची कैसे भरे पूछा। मैंने उनको पर्ची भरने के बारे में बता दिया। इसके बाद उन्होंने कहा कि हमारा यहां खाता नहीं है, पोस्ट ऑफिस में पैसे

**■ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की**

जमा हो जाते है। हम बाहर के है हमको पोस्ट ऑफिस दिखा दो। जब उसने कहा मुझे पहले पैसे जमा कर लेने दो तो उन्होंने कहा बाद में कर लेना और उसे बातों में उलझाकर बैंक से थोड़ी दूरी पर तुलसीवन रोड पर ले गए। जहां उसके थैले में रखी नोटों की असली गड्डी को गायब कर दिया और कागज की रुमाल में बंधी गड्डी को थमा कर चले गए।

जब उसे इसके बारे में पता चला तो उसने चिल्लाया भी, लेकिन बदमाश तब तक जा चुके थे।घटना को लेकर पीड़ित ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके बाद परिजनों को मौके पर बुलाया गया। जिनके आने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। बैंक समेत आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला।

## करंट से बेटे की मौत, पिता घायल

**हिंडौन सिटी, (निसं)।** लहचौडा में बुधवार को कृषि कार्य के दौरान पिता और पुत्र करंट की चपेट में आ गए। इस दौरान करंट लगने से बेटे की मौत हो गई। वहीं पिता गंभीर रुप से झुलस गया। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। अस्पताल के ड्यूटी चिकित्सक डॉ. बृजेश चौधरी ने बताया कि मृतक लहचौडा निवासी छैलबिहारी शर्मा (25) पुत्र देवेंद्र शर्मा है। युवक की करंट से मौत हो गई। इसी के साथ लहचौडा निवासी देवेंद्र शर्मा का एक हाथ झुलस गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती किया गया है। युवक का शव मोर्च्युरी में रखवा दिया गया। परिजनों के अनुसार बुधवार शाम देवेंद्र शर्मा अपने पुत्र छैलबिहारी के साथ खेत पर कृषि कार्य कर रहे थे। इस दौरान युवक करंट की चपेट में आ गया। कुछ दूर खेत मे सिंचाई कर रहे पिता देवेंद्र की नजर उस पर पड़ी, जिसके बाद दौड़कर मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिजली के तारों को हाथ से दूर झटका। जिसमें उनका एक हाथ गम्भीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद परिजन व ग्रामीण उन दोनों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिसमें चिकित्सक ने उपचार के दौरान छैलबिहारी को मृत घोषित कर दिया। मृतक अविवाहित है। कृषि कार्य के साथ वह पढ़ाई भी कर रहा था।

# जोधपुर पोलो-2023: 61 कैवलरी को हरा होटल पोलो हेरिटेज ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, एयरफोर्स रोड, पाबूपुरा में चल रहे 24वें जोधपुर पोलो सीजन 2023 में गुरुवार को महाराजा ऑफ जोधपुर गोल्डन जुबली कप (8 गोल) टूर्नामेंट के तहत गुरुवार को होटल पोलो हेरिटेज तथा 61 कैवलरी-रॉयल इनफील्ड के बीच मैच खेला गया। इस मैच में होटल पोलो हेरिटेज ने 61 कैवलरी को चार के मुकाबले सात गोल कर तीन गोल के अन्तर से हराया।

होटल पोलो हेरिटेज टीम के पिता-पुत्र की जोडी सैय्यद शमशेर अली व हूर अली ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम पर मैच की शुरुआत से ही दबाव बनाए रखा। मैच से पूर्व मैदान में उपस्थित आर्मी के मैकनाइज्ड इंफेन्ट्री मद्रास बैण्ड ने अपनी सुमधुर सुर लहरियों से उपस्थित दर्शकों की दाद बटोरी। मैदान में उपस्थित मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर




होटल पोलो हेरिटेज तथा 61 कैवलरी-रॉयल इनफील्ड के बीच मैच खेला गया।

बसन्त के. पंवार ने गेंद फेंककर खेल की शुरुआत करवायी।

जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि दोपहर 3.30 बजे खेले गये इस मैच में होटल पोलो हेरिटेज की ओर से खेलते हुए टीम के दो हैण्डीकेप खिलाडी हूर अली ने पहले चक्कर में एक व दूसरे चक्कर में दो गोल, चार हैण्डीकेप के सैय्यद शमशेर अली ने दूसरे व तीसरे चक्कर में एक-एक गोल व योगेश्वर सिंह ने चौथे चक्कर में दो गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। मुकाबले में 61 कैवलरी के तीन हैण्डीकेप खिलाड़ी अंगद कलान ने पहले व तीसरे चक्कर में एक-एक गोल किया।

तीन हैण्डीकेप के ही साथी खिलाडी धु्रवपाल गोदारा ने चौथे चक्कर में लगातार दो गोल किए। मैच के अम्पायर अर्जेन्टीना के निकोलस स्कोर्टीचीनी व दक्षिण अफ्रीका के रोडनी ज्योफरी गुटरिज रहे जबकि रैफरी गोंजालो यजोन थे। मैच की कॉमेंट्री राजवी शैलेन्द्रसिंह व अंकुर मिश्रा ने संयुक्त रूप से की।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार को महाराजा ऑफ जोधपुर गोल्डन जुबली कप टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। पहला मैच जोधपुर-जयपुर व इण्डियन नेवी के बीच दोपहर 2.30 बजे व दूसरा सेमीफाइनल दोपहर 3.30 बजे होटल पोलो हेरिटेज व वी पोलो-चान्दना पोलो टीमों के मध्य खेला जायेगा। दूसरा सेमीफाइनल एच.एच. महाराजा हनवन्तसिंह प्रदर्शन मैच के तहत खेला जायेगा।



सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण चुनौती अपनी मानसिक स्थिति को टेस्ट मैच की स्थिति में लाना होगा।

- सुनील गावस्कर

पूर्व भारतीय महान बल्लेबाज ने इंडिया वर्सेस दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज से पहले रोहित शर्मा को मेंटल एडजस्टमेंट की खास सलाह दी है।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## शाहीन अफरीदी



**शाहीन अफरीदी** ने ट्रेविस हेड को 17 रन पर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मार्नस लाबुशेन भी 63 रन बनाकर आउट हो गये। उन्हें जमाल ने शफीक के हाथों कैच आउट कराया। उस्मान ख्वाजा ने 42, मिचेल मार्श ने 41, डेविड वॉर्नर ने 38 और स्टीव स्मिथ ने 26 रन बनाकर आउट हुए। शेष बल्लेबाज दहाई अंक में भी स्कोर नहीं कर सके। ऑस्ट्रेलिया के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे और पूरी टीम 318 रन पर सिमट गई। इससे पहले कल तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** गोल्फ एकमात्र ऐसा खेल है जिसे चांद पर भी खेला गया है। 6 फरवरी, 1971 को एलन शेफर्ड नामक अंतरिक्ष यात्री ने चन्द्रमा पर गोल्फ के दो स्ट्रोक खेले।

# दक्षिण अफ्रीका ने 131 रन ऑलआउट किया

## // बर्गर को चार विकेट, एल्गर का शतक //



सेंचुरियन, 28 दिसंबर। सेंचुरियन टेस्ट में भारत तीसरे ही दिन पारी और 32 रन से हार गया। साउथ अफ्रीका ने टीम को दूसरी पारी में 131 रन पर ऑलआउट कर दिया। विराट कोहली ने फिफ्टी लगाई, बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सके। साउथ अफ्रीका से नांद्रे बर्गर को 4 विकेट मिले।

मंगलवार को सुपरस्पोर्ट पार्क मैदान पर साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ने पहली पारी में केएल राहुल की सेंचुरी के दम पर 245 रन बनाए। साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 408 रन बनाए, डीन एल्गर ने 185 रन बनाए। भारत 163 रन से पिछड़ रहा था लेकिन टीम 131 रन ही बना सकी।

पहले टेस्ट में जीत के साथ साउथ अफ्रीका ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा और आखिरी टेस्ट 3 जनवरी 2024 से केप टाउन में खेला जाएगा। भारत आज तक साउथ अफ्रीका में सीरीज नहीं जीत सका। पहले टेस्ट में हार के साथ कन्फर्म हो गया कि टीम इंडिया इस दौरे पर भी बगैर सीरीज जीत के ही घर लौटेगी।

साउथ अफ्रीका से पहली पारी में 185 रन बनाने वाले डीन एल्गर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। वह अपने करियर की आखिरी सीरीज खेल रहे हैं। टीम से कगिसो रबाडा ने पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 2 विकेट लिए। डेब्यू मैच खेल रहे नांद्रे बर्गर को पहली पारी में 3 और दूसरी पारी में 4 विकेट मिले। दूसरी पारी में मार्को यानसन को भी 3 विकेट मिले, जबकि एक बैटर रन आउट हुआ।

तीसरे सेशन की शुरुआत भारत ने 60/3 के स्कोर से की। श्रेयस अय्यर 6, केएल राहुल 4, सिराज 4 और शार्दूल ठाकुर महज 2 रन बनाकर आउट हुए। रविचंद्रन अश्विन, प्रसिद्ध कृष्णा और जसप्रीत बुमराह तो खाता भी नहीं खोल सके। विराट कोहली एक एंड पर टिके रहे, उन्होंने अपनी 30वीं टेस्ट फिफ्टी लगाई लेकिन टीम को पारी की हार से नहीं बचा सके। कोहली ने 76 रन बनाए। सेशन में टीम इंडिया ने 69 रन बनाने में ही आखिरी 7 विकेट गंवा दिए। साउथ अफ्रीका को दूसरी पारी में बैटिंग की जरूरत ही नहीं पड़ी।

भारत ने अपनी दूसरी पारी में बेहद खराब शुरुआत की, ओपनर्स 13 रन के स्कोर पर ही पवेलियन लौट गए। विराट कोहली क्रीज पर आने के बाद आखिर तक टिक रहे, उन्होंने 82 बॉल पर 76 रन की नॉटआउट पारी खेली। उनकी पारी में 12 चौके और एक सिक्स शामिल रहा। विराट ही भारत के 10वें बैटर के रूप में आउट हुए।

पहली पारी में शतक लगाने वाले केएल राहुल 4 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नांद्रे बर्गर ने स्लिप में कैच कराया। अगली ही बॉल पर बर्गर ने रवि अश्विन को भी पवेलियन भेज दिया। बर्गर को 26वें ओवर में दोनों सफलताएं मिलीं। 2 विकेट गिरने के बाद भारत संभल भी नहीं सका था कि रबाडा ने शार्दूल ठाकुर को भी कैच आउट करा दिया।

52 रन पर 3 विकेट गंवाने के बाद विराट कोहली ने भारत की पारी संभाली। लेकिन उनके सामने श्रेयस अय्यर, केएल राहुल और रविचंद्रन अश्विन सस्ते में पवेलियन लौट गए। राहुल और अश्विन को नांद्रे बर्गर ने पवेलियन भेजा, वहीं श्रेयस को यानसन ने बोल्ड किया। टीम ने 96 रन के स्कोर पर 6 विकेट गंवा दिए। श्रेयस 6 और राहुल 4 रन ही बना सके। अश्विन तो खाता भी नहीं खोल सके।

# जेमिमाह रॉड्रिग्स 82 रनों की तूफानी पारी

## भारत ने दिया ऑस्ट्रेलिया को 283 रनों का लक्ष्य



मुम्बई, 28 दिसंबर। जेमिमाह रॉड्रिग्स 82 रनों और पूजा वस्त्रकर 62 रनों की अर्धशतकीय तूफानी पारी की बदौलत भारत ने गुरुवार को पहले एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 283 रनों का लक्ष्य दिया है। भारत ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था।

सलामी बल्लेबाज यास्तिका भाटिया और शेफाली वर्मा ने पारी की शुरुआत की। हालांकि भारत की शुरुआत खराब रही और तीसरे ओवर की दूसरी गेंद पर ब्राउन ने शेफाली वर्मा एक रन पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद यास्तिका भाटिया ने ऋचा घोष के साथ दूसरे विकेट के लिए 29 रन की साझेदारी की। ऋचा 20 गेंद में चार चौके की मदद से 21 रन बनाकर आठवें ओवर में आउट हुईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गई। यास्तिका एक रन से अर्धशतक से चूक गईं। उसने 64 गेंद में 49 रन बनाये। दीप्ति शर्मा भी 21 रन, अमनजोत कौन ने 20 और स्नेह राणा ने एक रन का योगदान दिया। जेमिमा रोड्रिग्स तूफानी पारी खेलते हुए 77 गेंद में 82 रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके लगाये।

अंत में पूजा वस्त्राकर ने तूफानी अंदाज में तेजी से रन बनाए। वह 46 गेंदों में 62 रन बनाकर नाबाद रही। उसने अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगाये। रेणुका सिंह पांच पर नाबाद रही। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेअ पर 282 रनों का स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एश्ली गार्डनर और जॉर्जिया वेयरहम ने दो-दो विकेट लिये। वहीं डार्सी ब्राउन, मेगन शूट, ऐनाबेल सदरलैंड और अलाना किंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## ऑस्ट्रेलिया-पाक टेस्ट के तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ लिफ्ट में फंसे

मेलबर्न, 28 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया-पाकिस्तान टेस्ट के दौरान अजीब परिस्थितियों में उस समय खेल में व्यवधान देखा गया जब तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ लंच के बाद लिफ्ट में फंस गए। यह वाक्या गुरुवार को उस समय हुआ जब लंच ब्रेक के बाद खिलाड़ी दूसरे सत्र की शुरुआत के लिए निर्धारित समय 1.25 बजे मैदान पर लौट आए। लेकिन दोनों मैदानी अंपायरों ने गेंद फेंकने की अनुमति नहीं दी क्योंकि इलिंगवर्थ ग्रैंडस्टैंड अपनी सीट पर नहीं पहुंच पाये थे। पता चला कि वे लिफ्ट में फंसे हुए है। मैच के प्रसारणकर्ता ने जब तीसरे अंपायर की सीट की ओर कैमरा घुमाया तो इलिंगवर्थ अपनी सीट पर नहीं थे। कुछ मिनटों के व्यवधान के बाद इलिंगवर्थ अपनी सीट पर पहुंचे तब जाकर खेल शुरु हुआ। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की सोशल मीडिया शाखा ने एक्स पर पोस्ट किया गया।

# वनडे क्रिकेट छोड़ेंगे वॉर्नर

### डेविड वॉर्नर 3-7 जनवरी को पाक के खिलाफ आखिरी टेस्ट खेलने के बाद फॉर्मेट से रिटायरमेंट लेंगे




नई दिल्ली, 28 दिसंबर। डेविड वॉर्नर फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली सीरीज से बाहर हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया 2 से 13 फरवरी के बीच वेस्टइंडीज के साथ तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलेगा। वॉर्नर का 20 में दुबई कैपिटल्स के साथ करार है और यह टूर्नामेंट 20 जनवरी से 18 फरवरी तक चलेगा। वॉर्नर इसी लीग में खेलेंगे। वॉर्नर ने टेस्ट रिटायरमेंट के बाद अब ज्यादा से ज्यादा टी-20 लीग के मैच खेलने के संकेत दिए है। इस कारण वे पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद (बिग बैश लीग) टीम सिडनी थंडर से भी खेलेंगे। वॉर्नर पाकिस्तान के खिलाफ अपने आखिरी टेस्ट के बाद सिडनी थंडर के लिए खेलने के लिए तैयार हैं, हालांकि इस बात पर कुछ संशय है कि थंडर के क्वालीफाई करने पर वह फाइनल के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं।

## जहीर खान ने की प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर की जमकर आलोचना

नई दिल्ली, 28 दिसंबर। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में जारी बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के दूसरे दिन जिस तरह की गेंदबाजी भारतीय गेंदबाजों ने की, उसकी आलोचना भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने की। क्रिकेट एक्सपर्ट जहीर ने खासतौर पर शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा पर निशाना साधा है, क्योंकि साउथ अफ्रीका को दूसरे ही दिन बढ़त मिल गई थी और टीम ने 256 रन देकर सिर्फ 5 ही विकेट निकाले थे। 11 रन की बढ़त पहले दिन टीम को मिली थी। प्रसिद्ध कृष्णा को फिर भी विकेट मिला, लेकिन शार्दुल ठाकुर खाली हाथ लौटे। जहीर खान ने टीम इंडिया के मैनेजमेंट की भी आलोचना की, क्योंकि उनके पास कोई प्लानिंग नहीं थी। खासकर डीन एल्गर ने भारतीय तेज गेंदबाजों के खिलाफ प्रहार किया।

## मानवेंद्र सिंह और फ्रेंक हाइट घोड़े ने जीते तीन रजत पदक



जयपुर, 28 दिसंबर। । बैंगलोर में चल रही जूनियर घुड़सवारी प्रतियोगिता सागर एकूएस्ट्रियन स्पोर्टस अकेडमी ,जयपुर के मानवेन्द्र सिह और फ्रेंक हाइट घोड़े ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यंग राइडर केटेगरी के ड्रेस आज व्यक्तिगत स्पार्धा में रजत पदक एव टीम स्पर्धा में भी रजत जीता। इसी जोड़ी ने यंग राइडर केटेगरी के शो जंपिंग ईवेंट टीम स्पर्धा में भी रजत पदक जीत कर राजस्थान का नाम ऊंचा किया है। घुड़सवार मानवेंद्र सिंह का कल से यंग राइडर केटेगरी एवेनटींग की प्रतियोगिता शुरु हो रही है जिसमे वह हरकुलिस घोड़े पर पदक जीतने के लिए मैदान में उतरेंगे। यह दोनों घोड़े सागर एकूएस्ट्रियन स्पोर्टस अकेडमी ने आयरलेण्ड (यूके) से मंगवाए है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दस घोड़े व 20 घुडसवारका दल बैंगलोर गए हुए है।

**राजस्थान**

# स्लीपर बस ने स्कूटी को टक्कर मारी, दो युवकों की मौत

## दोनों फाइनेंस कंपनी में काम करते थे, फील्ड विजिट से लौट रहे थे

- परिजन और समाजजन हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठे
- आश्रितों को एक करोड़ रुपए मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग की



परिजन और समाजजनों ने मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन किया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। आसींद से अहमदाबाद जा रही स्लीपर बस एक स्कूटी को टक्कर मारते हुए सड़क से नीचे उतर गई। हादसे में स्कूटी पर जा रहे दो युवकों की मौत हो गई। मामला बुधवार शाम सात बजे भीलवाड़ा के करेडा थाना इलाके में केरिया चौराहे का है।

मांडल थाना प्रभारी लक्ष्मणराम विश्नोई ने बताया कि केरिया तिराहे पर प्राइवेट बस आसींद की ओर से आ रही थी। करेड़ा की ओर से स्कूटी पर शशि (32) पिता राधेश्याम डाकोत और युवराज (28) पिता लादू लाल प्रजापत आ रहे थे। बस ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों फाइनेंस कंपनी में काम करते थे। आज कंपनी की फील्ड विजिट से लौट रहे थे। दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। घटना में घायल हुए यात्रियों को 108 एम्बुलेंस के जरिए मांडल के सरकारी हॉस्पिटल पहुंचाया गया। घायलों में कुछ लोगों की हालत नाज़ुक बताई जा रही है। वहीं दोनों युवकों के शव मॉर्च्युरी में रखवाए हैं। दोनों भीलवाड़ा के पास बनेड़ा गांव के रहने वाले थे। मौके पर मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना भी मौजूद रहे। इधर ग्रामीणों ने दोनों युवकों के लिए फाइनेंस कंपनी से मुआवजे की मांग की है।

बुधवार रात करेड़ा थाना क्षेत्र में ट्रैवल बस की चपेट में आने से दो युवकों की मौत के बाद नाराज़ परिजन और समाजजन आज गुरुवार को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर विरोध प्रदर्शन पर बैठे हैं। परिजनों ने मृतकों के आश्रितों को एक करोड रुपए मुआवजा और सरकारी नौकरी दिलवाने और जो भी दोषी है उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है । मांगे पूरी नहीं होने तक शव नहीं लेने की चेतावनी दी है। करीब दो घंटे की समझाइश के बाद उचित मुआवजे के आश्वासन पर हंगामा शांत हुआ।

# सड़क हादसे में दो की मौत, दो घायल

## चिड़ावा-झुंझुनूं मार्ग पर हुआ हादसा, घायलों को झुंझुनूं रैफर किया



हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

**चिड़ावा,** (निसं)। शहर की झुंझुनूं रोड पर ओजटू में बाईपास के नजदीक बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में दो जनों की मौके पर मौत हो गई जबकि दो गंभीर घायलों को झुंझुनूं रैफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह साढ़े दस बजे हादसे की सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

सीआई विनोद सामरिया ने बताया कि गाड़ी काफी स्पीड में थी। अचानक कोई जानवर या गाड़ी सामने से आने पर हैंड ब्रेक लगाया गया और गाड़ी अनियंत्रित होकर सामने पेड़ में जा भिड़ी और इसके बाद पलट गई। गाड़ी में सवार सभी चारों लोग हरियाणा के रोहतक इलाके के हैं। वे सीकर में एक गाड़ी काम करवाने के लिए दी हुई थी, उसे लाने जा रहे थे। सांवरिया होटल के पास अचानक पावर ब्रेक लगाने से गाड़ी दीवार और पेड़ में जा टकराई। इसके बाद गाड़ी पलट गई। भिड़ंत इतनी खतरनाक थी कि गाड़ी बिल्कुल पिचक गई और गाड़ी में रखा एक अन्य गाड़ी का इंजन पचास मीटर दूर निकलकर जा गिरा। हादसे में रोहतक निवासी मोनू पुत्र रामनिवास और मिंटू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं जोगेंद्र और राजेंद्र हादसे में गंभीर घायल हो गए। दोनों घायलों को चिड़ावा अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को झुंझुनूं रैफर कर दिया गया। शवों को फिलहाल मोर्चरी में रखवाया गया है।

## अधेड़ का शव मिला

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में एक खेत में अधेड़ की पेड़ पर लटकी लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और अधेड़ के शव को फंदे से उतरवा मोर्चरी के लिए भिजवाया। पुलिस ने मृतक की पहचान गुवारडी निवासी बाबू पिता लाभू नायक 40 के रूप में की। पुलिस ने परिजनों को सूचित किया और शव को फंदे से उतार पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भिजवाया। परिजनों ने बताया कि कुछ व्यक्तियों ने बाबू से झगड़ा किया था इसी के चलते बाबू द्वारा आत्महत्या की गई। परिजनों की झगड़े की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो व्यक्तियों को आज शांति भंग में गिरफ्तार किया था।

# आदर्श क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी का चेयरमैन मुकेश मोदी फिर गिरफ्तार

## धोखाधड़ी के दूसरे प्रकरण में पुलिस कर रही पूछताछ

**जोधपुर,** (कासं)।आदर्श क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी मल्टी स्टेट के प्रबंधक मुकेश मोदी को एक बार फिर महामंदिर पुलिस ने अपने गिरफ्तार किया है। कुछ दिनों पहले एक केस में गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। उसे जयपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लाया गया था।

महामंदिर पुलिस ने बताया कि प्रकरण 10 अक्टूबर को दर्ज हुआ था। जिसमें नागौरी गेट कलाल कॉलोनी गली नंबर 9 निवासी आत्माराम पुत्र शिवनाथ की तरफ से केस दर्ज करवाया गया था। कोर्ट के इस्तगासे पर आदर्श क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी मल्टी स्टेट के मुकेश मोदी सहित अन्य पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए लाखों की रकम को मोटे मुनाफे लालच देकर हड़प करना बताया था।

मैच्योर पॉलिसी की रकम को भी हड़प कर लिया गया था। वर्ष 2015 में पहली बार उसकी कंपनी में रूपए इंवेस्ट किए गए थे। कभी एक लाख तो कभी सवा दो लाख और कभी डेढ़ लाख की रकम जमा करवाई गई थी। पुलिस ने बताया कि मुकेश मोदी को गत दिनों एक प्रकरण में जयपुर जेल से गिरफ्तार कर लाने के बाद जेल भिजवाया गया था। अब उसे दूसरे प्रकरण में पूछताछ के लिए लाया गया है।

# अनियंत्रित होकर पलटी स्कॉर्पियो, दो जने घायल

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना थाना क्षेत्र के भोदन पुलिया के पास बुधवार देर रात को एक स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान हुए हादसे में गाड़ी में सवार दो जने घायल हो गए, जिनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल झुंझुनू के लिए रेफर किया गया है। हादसे में घायल हरियाणा के गहली निवासी संदीप पुत्र बीरबल ने बताया कि उसका साडू उदावास निवासी मनोज पुत्र संत कुमार उसके गांव आया हुआ था।

दोनों शाम को स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर अपने ससुराल बामनवास (चिड़ावा) जा रहे थे। इस दौरान जब वह सिंघाना के पास पहुंचे तो अचानक मोड में उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। गाड़ी के पलट जाने से बाद वह बिजली के पोल से टकरा गई, जिससे उनकी गाड़ी काफी क्षितग्रस्त हो गई और वह घायल हो गए। हादसे के दौरान तेज धमाका होने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा दोनों घायलों को पलटी हुई गाड़ी से काफी मशक्कत कर बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई।

इस दौरान सिंघाना से एम्बुलेंस मौके पर पहुंची तथा दोनों घायलों को सिंघाना के राजकीय अस्पताल लाया गया। हादसे में दोनों घायल मनोज व संदीप की हालत गंभीर होने पर उन्हें झुंझुनू रेफर किया गया है। घटना की सूचना पर हादसे में घायल संदीप कुमार के परिजन मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी जुटाई। घायल संदीप कुमार के बेटे रिंकू ने बताया कि उसका पिता भारतीय सेना से रिटायर्ड है तथा वह उसके मौसे के साथ बामनवास जाने के लिए घर से निकले थे।

## उदयपुर में करोना ने फिर दस्तक दी

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर में सर्दी के बढ़ते प्रकोप के बाद कोरोना ने फिर शहर में दस्तक दे दी है । गुरुवार को कोविड के 58 सैम्पल लेकर जाँच की गयी जिसमें 57 नेगेटिव जब कि 1 कोरोना पॉज़िटिव रोगी पाया गया है। सीएमएचओ डॉ. शंकर एच बामनिया ने बताया कि आज जिले में 1 कोरोना पॉजिटिव पाया गया है।उन्होंने बताया कि जिले में अब तक कुल 77120 कोरोना पॉज़िटिव पाए गए , जिसमें से 76339 स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज्ड हो गये है ।शहरी इलाके में चिन्हित एक रोगी होम आयसोलेसन में होकर ऐक्टिव रोगी है। इससे पहले उदयपुर में तीन माह पूर्व कोरोना का रोगी मिला था। बढ़ते कोरोना के मद्देनजर डॉ. बामनिया ने आमजन से जागरूक रहने, अप्रोप्रीयट कोरोना विहेवियर की पालना सुनिश्चित करने, नियमित रूप से मास्क लगाने, सोशल डिस्टेन्स रखने, बार बार हाथ धोने के साथ सेनिटाइजर उपयोग तथा कोरोना के लक्षण होने पर नज़दीकी चिकित्सालय में तुरंत चिकित्सकीय परामर्श हेतु संपर्क करने की सलाह दी है।

# एक व्यक्ति को पीट-पीट कर मार डाला

**अलवर,** (निसं)। सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच एक व्यक्ति को कई लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला। मामला शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के का है जहा शिव सागर मोहल्ला निवासी 47 वर्षीय व्यक्ति शेर सिंह को जेबकतरों ने रोक लिया।

शेर सिंह की जेब से जब कुछ नहीं निकला तो उसे इन लोगों ने पीट कर मार डाला। जिसके बाद मर्डर के विरोध में प्रजापति समाज ने लगाया सामान्य अस्पताल के बाहर जाम लगा दिया। जानकारी के अनुसार मृतक शेर सिंह काम के लिए घर से करीब चार बजे निकला था।

शेर सिंह का पतासे की दुकान पर मजदूरी करता है। घर से निकलने के बाद तीन-चार शराबी व लुटेरे किस्म के व्यक्तियों ने उसे मीट मार्केट के सामने रोक लिया और उससे पैसे छीनने के लिए जबरदस्ती की। शेर सिंह के पास पैसे नहीं मिलने पर उसके साथ मारपीट की। इसके बाद किसी ने उसके परिजनों को घायल शेर सिंह के बारे में फोन पर जानकारी दी। परिजन उसे अस्पताल लेकर गए जहां उसे डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत्त जालोर**

क्रमांक-अअ/वृत्त/जा/2023-24/1974 दिनांक- 18.12.2023

**निविदा सूचना संख्या- 17 वर्ष 2023-24**

**NIB NO. PWD2324A4033**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत भवन कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/ डाक एवं दूर संचार विभाग/ रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 01 कार्य जिनकी लागत राशि रूपये 206.10 लाख है, अत उक्त कार्यो के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड | - | 20 दिसम्बर 2023 - 9.30 बजे से |
| एवं अपलोड करने की तारीख | - | 11 जनवरी 2024 सायं 6.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajashan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http:/./eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

**NIB NO. PWD2324A4033**

| क्र.सं. | यूबीएन नं. |
|---|---|
| 1 | PWD2324WSOB17562 |

(जयलाल मीना) अधीक्षण अभियन्ता

सा.नि.वि. वृत्त, जालोर, मोबाईल-9414304714

DIPR/C/16284/2023

# तमिलनाडु में फिल्म स्टार्स के राजनेता बनने का दौर खत्म हुआ

## इस कड़ी के आखिरी स्टार विजयकांत का गुरुवार को निधन हो गया। एम.जी. रामचंद्रन को अपना आदर्श मानने वाले विजयकांत ने फिल्मों में उन्हीं के जैसे किरदार निभाए आर उन्हीं की तर्ज पर वे राजनीति में आए

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- विजयकांत ने राजनीति में अपना मुकाम बनाया, वोट बैंक भी खड़ा किया, पर, वे एम.जी.आर. व जयललिता जैसी सफलता प्राप्त नहीं कर सके।
- विजयकांत के अलावा रजनीकांत व कमल हासन ने भी राजनीति में आने की कोशिश की थी, पर, रजनीकांत तो खुद पीछे हट गए और कमल हासन को सफलता नहीं मिली।
- तमिलनाडु की राजनीति लम्बे समय तक दो घोड़ों, ''द्रमुक व अन्नाद्रमुक'' की रेस बनी रही, अब यहां भाजपा भी उभर रही है, जिससे दोनों द्रविड़ दलों में हताशा सी दिखने लगी है।

नई दिल्ली, 28 दिसम्बर। फिल्म स्टार से राजनेता बने कैप्टन विजयकांत का चेन्नई में गुरुवार को निधन होने के साथ ही फिल्म स्टार्स के राजनीति में बड़ा नाम कमाने की संभावनाएं लगता है अब खत्म हो गई हैं। यहां तक कि तमिलनाडु और पड़ोसी आंध्र प्रदेश में भी, जहां फिल्मों का क्रेज़ है, में भी यही स्थिति है।

फिल्मों के सुपर स्टार्स के लिए राजनीति में नाम कमाना पहले की तुलना में अब कठिन है। यहां तक विजयकांत को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा, प्रसिद्ध एवं प्रतिष्ठित एम.जी. रामचन्द्रन की तर्ज पर स्वयं के व्यक्तिगत, सामाजिक और फिल्मी जीवन को ढाला। उन्होंने रामचन्द्रन जैसी भूमिकाओं वाली फिल्में एक्टिंग के लिए चुनीं।

जयललिता और करुणानिधि जैसे नामी-गिरामी नेताओं से मुकाबला करने का श्रेय विजयकांत को ही जाता है, जो ''करुप्पु एम.जी.आर.'' (काले एम.जी.आर.) के नाम से विख्यात थे। एम.जी.आर. का अनुसरण करके ही वह ए.आई.ए.डी.एम.के. (अन्नाद्रमुक) और डी.एम.के. (द्रमुक) के वर्चस्व वाली द्रविड़ राजनीति में अपनी जगह बना सके।

विजयकांत का जन्म 25 अगस्त 1952 को मदुरै में हुआ था। उन्होंने गुरुवार को चेन्नई के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे एक राजनीतिक विरासत एवं वोट बैंक छोड़ गए हैं, किन्तु प्रश्न यह है कि इसे भुनाएगा कौन? क्या उनकी पत्नी प्रेमलता जिन्होंने पिछले पखवाड़े ही पार्टी की कमान अपने हाथ में ली थी या दो प्रमुख द्रविड़ पार्टियों में से कोई एक।

निमोनिया से हुई उनकी ने शायद सिल्वर स्कीन का वह अंतिम नायक भी राजनीति से चला गया जिसने तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा नाम कमाया क्योंकि रजनीकांत व उनके समकालीन कमल हासन जैसे दिग्गज अभिनेता इस मामले में उनकी बराबरी नहीं कर सके, हालांकि उन्होंने राजनीति में अपना पैर जमाने के प्रयास किए थे।

यह सत्य है कि एक फिल्म में कैप्टन विजयकांत का रोल करने के बाद मशहूर हुए विजयकांत ने राजनीति में अपना करियर बनाने को लेकर कड़ी मेहनत की। इसके लिए उन्होंने फिल्मों का चयन भी सोच समझकर किया। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने एक्टिंग, समाज सेवा एवं मानवतावादी कार्य किए। उन्होंने दस वर्ष या उससे अधिक मेहनत की और फिर देसिया मुर्पोकू द्रविड़ कषगम (डी.एम.डी.के.) नामक पार्टी का गठन कर चुनावी राजनीति में उतरे। उनकी पार्टी ने वर्ष 2006 के विधानसभा चुनाव में 5 प्रतिशत वोट प्राप्त कर कुछ सीटें जीतीं। लेकिन डी.एम.डी.के. का भविष्य जयललिता की अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन करने के बाद ही संवरा। विजयकांत की पार्टी उसके बाद विधानसभा की 43 सीटें जीतकर दिग्गज द्रमुक को तीसरे स्थान पर धकेल कर विपक्ष की स्वीकृत नेता बन गई।

लेकिन, इसके कुछ समय बाद ही जयललिता ने डी.एम.एम.के. के साथ गठबंधन समाप्त कर दिया, जिससे इस पार्टी के पांव उखड़ने शुरु हो गए। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में डी.एम.डी.के. की शर्मनाक पराजय हुई। उसने 60 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ा किन्तु वह एक भी सीट नहीं जीत पायी।

रजनीकांत वर्ष 2021 में चुनावी राजनीति में उतरे पर पूर्व ही अंतिम क्षणों में पीछे हट गए। कमल हासन का विधानसभा की एक भी सीट ना जीत पाना यह साबित करता है कि वो दिन अब लद चुके हैं जब फिल्मी हस्तियां सुस्थापित पेशेवर राजनेताओं से आगे निकल जाती थीं।

कैप्टन विजयकांत को इस बात का श्रेय जाता है कि अपने धैर्य और संकल्प से तमिलनाडु की राजनीति में वे एक पहचान बन गए थे और जिन्होंने ऐसे समय में कठिन परिश्रम किया जब तमिलनाडु की राजनीति को दोनों प्रमुख द्रविड पार्टियों ने दो घोड़ों की रेस बना दिया था। द्रविड़ पार्टियां ही प्रमुख हुआ करती थी। यह परम्परा हालांकि आज भी है, लेकिन आज इन दोनों द्रविड पार्टियों को यहां उभरती भाजपा से चुनौती मिल रही है, किन्तु फिर भी भाजपा को यहां एक लम्बा रास्ता तय करना है क्योंकि उसकी पहचान एक हिंदी भाषी पार्टी के रूप में है। यद्यपि, तमिलनाडु प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के प्रयासों से यहां जनता पार्टी के प्रति आकर्षित हो रही है। इससे सत्तारूढ़ द्रमुक काफी हताश है।

लेकिन, लोकसभा चुनावों से पूर्व यह देखना शेष है कि कौनसी राजनीतिक पार्टी कैप्टन विजयकांत की पार्टी के वोट बैंक को अपनी ओर आकर्षित कर पाती है या क्या एक पखवाड़े पूर्व ही पार्टी की कमान संभालने वाली उनकी पत्नी प्रेमलता उनके वोट बैंक को थामे रखकर उनकी विरासत को आगे बढ़ा पाएंगी।

कैप्टन विजयकांत ने स्वयं को पिछड़ों के नेता के रूप में स्थापित किया था तथा गरीबी उन्मूलन व किसानों के संरक्षण के प्रति उनका दृढ़ विश्वास था। वह वर्ष 2011 में सदन में विपक्ष के नेता बने और पूरे पांच वर्ष तक इस पद पर रहे।

अपने आरम्भिक राजनीतिक वादों को पूरा करने में कैप्टन विजयकांत की विफलता, वर्तमान के ऐसे फिल्म स्टार्स की विचार प्रक्रिया पर प्रकट रूप से प्रभाव डाल सकती है जो राजनीति में कूदने के इरादे पाले हुए हैं।

इस संदर्भ में, सुपर स्टार विजय का नाम आगे आ रहा है। उनके असंख्य समर्थक एवं फैन्स उन्हें प्रेम से थालापति (सेना प्रमुख) कहते हैं। उनके राजनीति में आने की अटकलें हैं और बताया जाता है कि उनका लक्ष्य वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव होंगे।

# अबकी बार 400 पार

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 दिसम्बर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस स्थापना के 138 वर्ष पूरे होने के अवसर पर नागपुर में आयोजित एक समारोह में पार्टी का ध्वज फहराया।

उन्होंने देश के अनेक भागों से विशाल रैली में शामिल होने वाले कांग्रेस नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, ''आज इस महारैली में कांग्रेस नेताों द्वारा ''हैं तैयार हम'' का संकल्प लेने के साथ ही कांग्रेस पार्टी के शानदार इतिहास एक नया अध्याय जुड़ गया है।

- कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस पर नागपुर में हुए समारोह में राहुल गांधी ने 400 सीटें जीतने का नारा दिया

खड़गे ने कहा: ''कांग्रेस की विचारधारा को देश के हर व्यक्ति तक लेकर जाएंगे व समृद्ध और खुशहाल भारत के लक्ष्य को हांसिल करेंगे।''

इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ''अब की बार, 400 पार'' लिखी तख्ती को प्रदर्शित किया। संदेश दिया कि आगामी लोकसभा चुनावों में पार्टी 400 से अधिक सीटों पर विजय प्राप्त करेगी।

पार्टी के नेतागण 138 वें स्थापना दिवस के मौके पर 138 रुपये व इसकी दस गुना, 100 गुना या 1000 गुना तक राशि पार्टी फंड के लिए दे रहे थे।

# भारत सरकार ने पाकिस्तान से आतंकी हाफ़िज़ सईद को मांगा

## हाफ़िज़ सईद लश्कर-ए-तैयबा का प्रमुख और मुम्बई में 20/11 का मास्टर माइंड है

- भारत सरकार ने हाफ़िज़ सईद के प्रत्यार्पण के लिए कानूनी प्रक्रिया पूरी करने की बात कही है।
- भारत के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी हाफ़िज़ सईद को अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवादी घोषित कर दिया है। फिलहाल वह पाक जेल में है।

नयी दिल्ली, 28 दिसंबर। लश्कर-ए- तैयबा का सरगना और मुंबई में 26/11 हमले के मास्टरमाइंड आंतकी हाफ़िज़ सईद को भारत लाने के लिए भारत सरकार ने पाकिस्तान की सरकार के सामने आधिकारिक मांग रखी है। भारत सरकार ने प्रत्यर्पण को लेकर कानूनी प्रकिया पूरी करने की बात कही है।

सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान सरकार को औपचारिक अनुरोध भेज दिया है। हाफ़िज़ सईद को 2008 में मुबंई हमले, 2019 में पुलवामा हमले समेत कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का दोषी पाया गया है। वैश्विक स्तर पर भी हाफ़िज़ सईद आतंकवादी घोषित किया जा चुका है। संयुक्त राष्ट्र ने भी हाफिज सईद को आतंकवादियों की सूची में डाल दिया है। फिलहाल वह पाकिस्तान की जेल में सज़ा काट रहा है। पिछले साल पाकिस्तान की आतंकवाद निरोधी अदालत ने हाफिज सईद को दो टैरर फायनैन्सिंग केसों में 32 साल की सजा सुनाई थी। इससे पहले पांच अलग-अलग मामलों में हाफ़िज़ को 36 साल की अलग सजा सुनाई गई थी।

हालांकि दोनों सजाएं एक साथ चल रही हैं, लेकिन हाफिज पाकिस्तानी जेल में सजा काट रहा है या नहीं, इसपर भी सवाल उठते रहे हैं।

## फिर से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पहले 2021 में सामने आया था, जब केन्द्र सरकार पर, पत्रकारों, विपक्षी राजनेताओं और एक्टिविस्टों पर निगरानी रखने के लिए पैगसस के उपयोग का आरोप लगाया गया था। उस समय सरकार ने ''गैरकानूनी निगरानी'' करने की बात से इन्कार किया था, लेकिन, आरोपों की सुप्रीम कोर्ट द्वारा की जा रही जांच में सहयोग करने से इन्कार कर दिया था। उक्त जांच के निष्कर्ष सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। एक्टिविस्टों ने आरोप लगाया है कि, भारत में प्रेस की स्वतंत्रता में कमी आई है और वर्ल्ड प्रैस फ्रीडम इन्डैक्स में भारत 21 कदम नीचे आया है। ''रिपोटर्स विदाउट फ्रीडम'' द्वारा उक्त इन्डैक्स तैयार किया गया है।

# बिहार में 6 लेन वाले रोड ब्रिज को मंजूरी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- यह ब्रिज गंगा नदी पर बनेगा ओर 4556 मीटर लम्बे इस ब्रिज पर 3064.45 करोड़ रूपए की लागत आएगी।

नई दिल्ली, 28 दिसम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में इस सप्ताह के आरंभ में सम्पन्न हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में गंगा नदी के आरपार 6 लेन हाई-लेवल/एक्स्ट्रा डोज्ड केबल स्टेयड ब्रिज (पुल) के निर्माण कार्य के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई (जो वर्तमान दीघा-सोनेपुर रेल-कम रोड ब्रिज के पश्चिमी किनारे के समानान्तर) होगा एवं यह पुल बिहार प्रदेश में पटना जिला व सारन (एन.एच.-139 डब्ल्यु.) के दोनों तरफ पहुँचेगा। यह परियोजना 4556 मीटर्स तक फैली हुई है तथा इस परियोजना का खर्च 3064.45 करोड़ रूपए आयेगा।

एक्स पोस्ट एक रिपोर्ट में, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने कहा कि इस परियोजना से पटना सीधे तौर पर गोल्डन चतुर्भुज गलियारे से जुड़ जाएगा। यह पुल औरंगाबाद के एन.एच. 139 और सोनेपुर (एन.एच. 31) छपरा, मोतीहारी (पूरब-पश्चिम कोरिडोर एन.एच. 27) से जाकर जुड़ेगा तथा उत्तरी बिहार में बेत्तीयाह (एन.एच. 727) से जाकर सीधा जुड़ेगा। यह बुद्ध सर्किट का अभिन्न अंग है। इसका विस्तार वैशाली के बौद्ध स्तूप व केशरिया तक है। एन.एच. 139 वेस्ट अरेराज सोमेश्वर नाथ मंदिर और इसके साथ ही यह पूर्वी चंपारन के प्रस्तावित विराट रामायण मंदिर को भी जोड़ता है, जो विश्व का सबसे विशाल धार्मिक स्मारक होगा।

इस परियोजना का उद्देश्य यात्रा में लगने वाला समय कम करना और उत्तरी एवं दक्षिण बिहार के बीच सम्पर्क सुगम बनाना तथा इस परियोजना का उद्देश्य इस क्षेत्र में सामाजिक -आर्थिक विकास को गति प्रदान करना। गडकरी ने यह भी बताया कि इस पुल परियोजना के निर्माण व रखरखाव से कुशल एवं अकुशल कामगारों के लिए रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे।

# श्रीनगर का तापमान शून्य से कम 3.3 डिग्री सैल्सियस दर्ज

श्रीनगर, 28 दिसंबर। जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में गुरुवार को न्यूनतम तापमान में शून्य से कम 3.3 डिग्री सेल्सियस और पहलगाम में शून्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आयी, इसके साथ ही घाटी में शीत लहर और तेज हो गयी है।

मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि दक्षिण कश्मीर में पुलवामा 6.4 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा स्थान रहा, इसके बाद कोनिबल (शून्य से कम 6.2 डिग्री सेल्सियस), उत्तरी कश्मीर में बांदीपुरा (शून्य से कम 5.9 डिग्री सेल्सियस), शोपियां (शून्य से कम 5.6 डिग्री सेल्सियस) और गांदरबल के मध्य कश्मीर जिले में शून्य से कम 5.5 डिग्री सेल्सियस कम तापमान दर्ज किया गया। श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य स्थानों पर घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान पिछली रात के शून्य से कम 3.2 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले आज शून्य से कम 3.8 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया और कोकेरनाग में आज न्यूनतम तापमान शून्य से कम 2.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# परीक्षा संबंधी गड़बड़ी की सूचना देने के लिए हैल्पलाइन नम्बर 9530428258 जारी

## पेपर लीक व नकल रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए, मुख्यमंत्री भजनलाल ने

- मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक में निर्णय किया गया कि, मुख्य सचिव एवं डी.जी.पी. स्तर के अधिकारी भर्ती परीक्षा की मॉनिटरिंग करेंगे।
- पेपर लीक और नकल के अब तक के सभी केसों में शीघ्र ट्रायल होंगे ताकि अपराधियों को जल्द से जल्द सज़ा मिले।

जयपुर, 28 दिसंबर (का.सं.)। राज्य सरकार आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं और सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपरलीक रोकने और नकल माफिया के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के लिए सख्त कदम उठाने जा रही है। इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में गुरूवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में शर्मा ने कहा कि, आने वाली भर्ती परीक्षाओं में पेपरलीक व नकल जैसी गडबड़ियों को रोकने के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। इसके लिए परीक्षा से पूर्व मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक स्तर से जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से सीधा संवाद कर सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने जिलों को परीक्षा केन्द्रों पर निगरानी हेतु गठित उडनदस्तों के लिए पर्याप्त अधिकारी एवं पुलिस बल उपलब्ध करवाए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि, जिन परीक्षा केन्द्रों एवं कोचिंग संस्थानों के बारे में विभिन्न स्रोतों से संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी प्राप्त होती है, उन पर विशेष निगरानी रखी जाए। ऐसे परीक्षा केन्द्रों व कोचिंग संस्थानों की संदिग्धता पाए जाने पर कठोरतम कानूनी कार्यवाही की जाए।

शर्मा ने कहा कि, पूर्व में जिन अपराधियों का चालान किया गया है, उन अपराधियों का केस का ऑफिसर स्कीम एवं विशेष लोक अभियोजक के माध्यम से शीघ्र ट्रायल करवाया जाएगा तथा उन्हें अधिकतम दण्ड दिलवाने के प्रयास किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि, ऐसी गड़बड़ी करने वाले व्यक्तियों का पता लगाने के लिए पुख्ता सूचना तंत्र विकसित किया जाए। आमजन द्वारा इस संबंध में एसआईटी द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बर 9530428258 पर सूचना दी जा सकती है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि, बेरोजगार और मेहनती युवाओं को न्याय दिलाना और परीक्षाओं में गोपनीयता बनाए रखना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इन निर्णयों से नकल संबंधी प्रकरणों में प्रभावी जांच कर अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने में सहायता मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि, एसओजी ने हाल ही में राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2022, के विज्ञान तथा सामान्य ज्ञान व शैक्षिणक मनोविज्ञान विषय की लिखित परीक्षा में डमी अभ्यर्थियों के रूप में बैठने वाले पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है।

बैठक में पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज अभय कुमार, प्रमुख शासन सचिव, गृह, आनंद कुमार, प्रमुख शासन सचिव कार्मिक, हेमंत गेरा, एडीजी क्राइम दिनेश एमएन तथा एडीजी तकनीकी वीके सिंह उपस्थित रहे ।

## 'जरूरी हो तो ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सड़क पर सामने अतिअल्प दृश्यता के कारण अधिकतम 12 वाहन एक दूसरे से टकरा गए। पुलिस सूचनानुसार वाहन भिड़ंत की ये दुर्घटना जेवर पुलिस थाने के अधीन दयानातपुर गांव के पास की है जो गौतम बुद्ध नगर की सीमा में आता है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि एक गाड़ी के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिसकी वजह से उस वाहन के पीछे चल रही गाड़ियां एक के बाद एक टकराती गईं।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आई.एम.डी.) ने बुधवार को दिल्ली वालों से अनुरोध किया था कि जब तक मौसम खराब चल रहा है अनावश्यक बाहर नहीं निकले और उत्तर पश्चिम व उससे जुड़े मध्य भारत के इलाके में खराब से भी बहुत खराब घने कोहरा होने के कारण बचाव के लिए मुंह पर मॉस्क पहनें। आई.जी. आई. एयरपोर्ट दिल्ली में दृश्यता 125 एम दर्ज की गई जबकि सफदरजंग में 50 मीटर मापी गई। आज सुबह दिल्ली में न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सीयस दर्ज किया गया जो सामान्य से 1 डिग्री ऊपर है जबकि हवा गुणवत्ता सूंचकांक 383 थी, जबकि ऊपरी भाग ''बहुत ही खराब'' श्रेणी का था।

## नीतीश की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राष्ट्रीय भाषा है। तथापि, कुछ ने ऐसा महसूस किया कि ममता द्वारा खड़गे का नाम आगे बढ़ाने के कारण उनका गुस्सा फूटा था।

नीतीश के इण्डिया गठबंधन से नाता तोड़ने की सूरत में तृणमूल वैकल्पिक रणनीति पर काम कर रही है। नीतीश के बाहर जाने की स्थिति में उसका उद्देश्य ममता बनर्जी को एक बार फिर से प्रमुख भूमिका में लाना है।

लेकिन, ममता बनर्जी में वे भाषायी योग्यताएं नहीं हैं जो किसी राष्ट्रीय भूमिका के लिए चाहिए होती हैं। वह हिंदी में ढंग से नहीं बोल पाती और भारतीय सर्वजन भाषा अंग्रेजी का भी उन्हें अल्प ज्ञान है।

वास्तव में, विपक्ष के प्रधानमंत्री के रुप में खड़गे का नाम लेने का उद्देश्य भी यही था। ममता बनर्जी को किसी काम में बाधा डालने या अपने एजेण्डे को आगे बढ़ाने के कुटिल तरीकों के लिए ही ज्यादा जाना जाता है। वह इस सिद्धांत का अनुसरण करती हैं कि किसी योजना के क्रियान्वयन से पूर्व ही उसका खुलासा करने से उसकी विफलता सुनिश्चित की जा सकती है।

आरंभ में, बनर्जी स्वयं को प्रधानमंत्री पद के लिए विपक्ष का संयुक्त उम्मीदवार प्रोजैक्ट करने पर काम कर रही थीं। वह दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद पिछले कुछ वर्षों से इस कार्ययोजना पर काम करती रही हैं।

वह इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर अपनी पार्टी की बंगाल से बाहर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अपनी ऊर्जा व्यय करती रही हैं।

वह इस असंभव लक्ष्य को किसी भी तरीके से प्राप्त करने के लिए बेताब थी और इसके लिए उन्होंने भारी धनराशि व्यय की।

उदाहरण के तौर पर त्रिपुरा विधानसभा के चुनावों से पूर्व उन्होंने अपनी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को भारी संख्या में चुनाव प्रचार के लिए वहां भेजा।

इन लोगों को वहां की मंहगी से मंहगी होटलों में ठहराया गया था। तृणमूल समर्थकों ने जनता का ध्यान आकर्षित करने के हर पैतरें अपनाए। तथापि, अन्त में उन्हें बिना कोई खाता खोले वहां से लौटना पड़ा। तृणमूल का एक ही प्रत्याशी जीत सका, किन्तु वह भी तुरंत प्रभाव से पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गया था।

गोवा व अन्यंत्र भी तृणमूल की यही कहानी रही है। किसी एक अन्य राज्य में जीत दर्ज करने की बात तो छोड़िए, ममता बनर्जी को अच्छी तरह से पता है कि प्रधानमंत्री पद का चेहरा नामित किए जाने की उनकी कोई संभावना नहीं है। चूंकि अब उनकी संभावनाओं पर विराम लग चुका है, इसलिए वह अब दूसरों के रास्ते में रोड़ा अटकाने पर आमादा हैं।

# कांग्रेस ने फंड जुटाने के लिए कुर्सियों पर लगाए क्यूआर कोड

- कांग्रेस ने अपने 138वें स्थापना दिवस पर ''देश के लिए दान'' मुहिम शुरु की है।

नयी दिल्ली/नागपुर, 28 दिसम्बर। कांग्रेस ने अपनी स्थापना के 138 साल पूरा होने पर लोगों से ''देश के लिए दान'' देने का अभियान शुरु किया है और इस मौके पर नागपुर में आयोजित रैली में हर कुर्सी के पीछे बार कोड का स्टिकर लगाया है, ताकि कार्यकर्ता आसानी से दान दे सकें। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले ही ''देश के लिए दान दें'' अभियान की शुरुआत कर चुके हैं, जिसके तहत दानदाताओं से पार्टी के लिए 138 रुपए, 1380 रुपए, 13800 रुपए और इसी तरह के अंकों में इससे अधिक राशि दान देने की मांग की गई है।

कांग्रेस के स्थापना दिवस पर नागपुर में हो रही रैली में लगी कुर्सियों पर क्यूआर कोड लगाए गये हैं ताकि कार्यकर्ताओं को दान देने में आसानी हो। पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा, कांग्रेस के स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित नागपुर रैली में, हर कुर्सी के पीछे एक बार कोड का स्टीकर लगा है। उसको स्कैन कर आप 138, 1380, 13800, 138000 या उससे भी अधिक कांग्रेस को दान स्वरूप दे सकते हैं।पार्टी ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर भी पोस्ट किया, एक खुशहाल और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए आगे आएं, अपना कर्तव्य निभाएं। हाथ से हाथ जोड़कर कांग्रेस को मजबूत करें। कांग्रेस जितनी सशक्त होगी, आपके अधिकारों की लड़ाई उतनी ही बुलंदी के साथ लड़ेगी। देशहित में अपना योगदान दें। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी कहा,स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी जी ने कांग्रेस की गतिविधियों को संचालित करने के लिए तिलक स्वराज फंड की शुरुआत की थी।

## श्रीवास्तव ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सरकार को सिफारिश दी गई है। जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कोलीजियम ने तीनों न्यायाधीशों के नाम केंद्र सरकार को भेजते हुए सिफारिश की है कि इन पदों के लिए यह न्यायाधीश उपयुक्त है।

जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव का तबादला 18 अक्टूबर 2021 को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से राजस्थान हाईकोर्ट में किया गया था। मुख्य न्यायाधीश का पद खाली होने के बाद वे ही एक्टिंग चीफ जस्टिस का काम देख रहे है। वहीं जस्टिस विजय बिश्नोई और जस्टिस अरुण भंसाली को राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर 8 जनवरी 2013 को नियुक्त किया गया था। वे दोनों वरिष्ठ न्यायाधीश के तौर पर राजस्थान हाईकोर्ट में कार्यरत हैं।

# ई.डी. का निशाना प्रियंका पर...

- पहली बार मनी लॉण्डरिंग के एक केस में ई.डी. ने प्रियंका गांधी का नाम शामिल किया है। हालांकि उनका नाम आरोपी के तौर पर नहीं है।

नयी दिल्ली, 28 दिसम्बर। प्रवर्तन निदेशालय ने पहली बार कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम धन शोधन से संबंधित एक मामले के आरोप पत्र में शामिल किया है, हालांकि, उनका नाम आरोपी के तौर पर नहीं लिया गया है।

प्रवर्तन निदेशालय हरियाणा के फरीदाबाद में एक जमीन की खरीद से संबंधित मामले की जांच कर रहा है। यह मामला एक प्रवासी भारतीय सी सी थम्पी और हथियारों के विक्रेता संजय भंडारी तथा अन्य लोगों से जुड़ा है। इसी मामले के संबंध में दायर किये गये आरोप पत्र में प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम आया है। यह पहला मौका है जब उनका नाम प्रवर्तन निदेशालय के आरोप पत्र में शामिल किया गया है। हालांकि उनका नाम इस आरोप पत्र में आरोपी के तौर पर नहीं लिया गया है।

आरोप पत्र में कहा गया है कि, प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस आरोप पत्र में नामित एच एल पाहवा से 2006 में फरीदाबाद में जमीन खरीदी थी।

# कतर की अदालत ने आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों की मौत की सजा रोकी

## कतर के कोर्ट ने इन पूर्व नौसैनिक अधिकारियों को मौत की सजा को कारावास में बदल दिया है

- विदेश मंत्रालय ने कहा कि, विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा है, उसके बाद ही आगे कार्यवाही होगी।

नयी दिल्ली, 28 दिसंबर। खाड़ी के देश कतर की एक अदालत ने कथित जासूसी के एक मामले में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों की मौत की सजा को कम करके कारावास की सजा में बदल दिया है।

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा, हमने आज दहरा ग्लोबल मामले में कतर की अपीलीय अदालत के फैसले पर गौर किया है, जिसमें सजा कम कर दी गई है।

इस वर्ष 26 अक्टूबर को कतर की एक प्राथमिक अदालत ने आठ पूर्व भारतीय नौसेना अधिकारियों को एक साल से अधिक समय तक हिरासत में रखने के बाद मौत की सजा सुनाई थी। प्राथमिक अदालत के फैसले के खिलाफ भारत सरकार द्वारा दायर अपील पर उक्त निर्णय आया है।

विदेश मंत्रालय ने कहा, विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा है। हम अगले कदम पर निर्णय लेने के लिए कानूनी टीम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के साथ भी संपर्क में हैं। कतर में हमारे राजदूत और अन्य अधिकारी परिवार के सदस्यों के साथ आज अपील अदालत में मौजूद थे। मंत्रालय ने कहा, हम मामले की शुरुआत से ही उनके साथ खड़े हैं और हम सभी कांसुलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे। हम इस मामले को कतरी अधिकारियों के समक्ष भी उठाना जारी रखेंगे। बयान में यह भी कहा गया कि इस मामले की कार्यवाही की गोपनीय और संवेदनशील प्रकृति के कारण, इस समय कोई और टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।

इज़रायल की ओर से पनडुब्बी कार्यक्रम के बारे में जासूसी करने के आरोप में इन भारतीय नागरिकों को अगस्त 2022 में कतर की खुफिया एजेंसी ने गिरफ्तार किया था। ये आठ लोग, एक निजी फर्म, अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज़ एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज़ के लिए काम कर रहे थे, जो कतर के सशस्त्र बलों और सुरक्षा एजेंसियों को प्रशिक्षण और संबंधित सेवाएं प्रदान करती है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

## संक्षिप्त

### ज्योतिष से जूली ने आशीर्वाद लिया

**किशनगढ़ बास।** अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार लगातार चुनाव जीतने के बाद पूर्व मंत्री टीकाराम जूली भांकरी मे अपने गुरुजी डॉ गौरीशंकर शास्त्री का आशीर्वाद लेने पहुँचे। डॉ गौरी शंकर शर्मा दोनों हाथों पर तेल लगाकर एक सफेद कागज पर छपे हाथों के निशान की रेखा को देखकर भविष्य बताते हैं। अलवर ग्रामीण से दूसरी बार विधायक बने पूर्व मंत्री टीकाराम जूली चुनाव में विजय श्री मिलने के उपरांत भाकरी पहुंचे और हस्त रेखा ज्योतिष आचार्य डॉक्टर गौरी शंकर शर्मा का आशीर्वाद लिया और माला व साफा पहनकर सम्मान किया। पं शास्त्री ने जूली को चुनाव से पहले ही जीत की भविष्यवाणी की थी। इस दौरान भाकरी गांव के ग्रामीणो ने विधायक टीकाराम जूली का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया । इस मौके पर अलवर डेयरी चेयरमैन विश्राम गुर्जर ,पार्षद तारापूतली लक्ष्मीनारायण कुमावत, दिव्या शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### डिप्टी सीएम बैरवा का स्वागत

**चौमूं / कालाडेरा** ( निसं ) गुरुवार को चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा की अगुवाई में उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा का खेतड़ी की ओर जाते समय राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित आर के होटल उदयपुरिया मोड़ पर स्वागत किया गया। रामलाल शर्मा ने राजस्थानी पंरपरा के अनुसार माला एवं साफा पहनाकर डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा का स्वागत किया। स्वागत के दौरान भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेश यादव, बंशीधर डागर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एन आर यादव, अंकित बराला, रामअवतार यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या


**मालपुरा** (निस) मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के डिग्गी थानान्तर्गत लावा ग्राम पंचायत के नारायणपुरा मे एक युवक ने अपने ही घर मे फांसी का फंदा लगा जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक द्वारा फांसी का फंदा लगाने की मिली सुचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे मे ले डिग्गी अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया।

# ‘कांग्रेस एक दल ही नहीं बल्कि एक विचारधारा का नाम है’

**अलवर।** जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर की ओर से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर सुभाष चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय पर विचार गोष्ठी का आयोजन कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया।

कांग्रेसजिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहां की कांग्रेस एक दल ही नहीं बल्कि एक विचारधारा का नाम है। इस विचारधारा की यात्रा 138 साल से अनवरत जारी है। कांग्रेस का प्रत्येक

- **कांग्रेस स्थापना दिवस पर गोष्ठी का आयोजन भी हुआ**


भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस सुभाष चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय पर मनाया गया।

कार्यकर्ता प्रेम, विश्वास और भाईचारे से इस देश को जोडऩे का काम करता है। आजादी के आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के दिखाये मार्ग पर चलकर कांग्रेस को मजबूत बनाएं और जन-जन तक कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाये। कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव में 11 में से 6 विधानसभा क्षेत्रों में विजय श्री प्राप्त की है। अलवर लोकसभा क्षेत्र में 8 में से 5 विधानसभा क्षेत्र में जीत हासिल हुई है। आगामी लोकसभा चुनाव में अलवर लोकसभा क्षेत्र से श्री भंवर जितेंद्र सिंह जी को चुनाव जीता कर, देश की सबसे बड़ी पंचायत भारत की संसद में भेजना है। पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जोश के साथ आज से ही लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने झंडारोहण किया और गोष्ठी के अंत मे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पं. रूपनारायण शर्मा के निधन पर आत्मशांति के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान विधायक मांगेलाल मीणा, जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, पूर्व विधायक राजेन्द्र गन्डुरा, अजीत यादव,गोपाल दास खटीक, गफूर खान, बलराम यादव, चौ. मुबारिक, राजेश कृष्ण सिद्घ, रिपु दमन गुप्ता, जयदीप आर्यन, कमलेश सैनी, लीली यादव,जमशेद खान, प्रकाश गंगावत, पंकज शर्मा, साजिद खान, रमन सैनी, जगदीश सिंघल, नारायण साईवाल, दुर्गा सिंह, प्रदीप सिंह,जगदीश अवस्थी, ब्रिजेन्द्र सैन, मनोज जांगिड़, संजय शुक्ला, गोपेश शर्मा, रामप्रकाश शर्मा, राजेश विरमानी, छंगामल लखेरा, धर्मपाल यादव, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, ओमप्रकाश सैन, शोभा साहू, सुगन शर्मा, ओम प्रकाश सेन, गौरीशंकर विजय, डालचंद वर्मा,रूपेन्द्र शर्मा, अशोक नंदा, दुलीचन्द कोली, रूपेश जैन, भरतलाल महाराज, एन के भीमवाल, के सी मीणा, लोकेश कुमार, संदीप सोनी, हंसराज मजोका आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ कांग्रेस जन सम्मानित

**टोंक।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन में अग्रणी, संघर्ष और बलिदान का इतिहास समेटे अखिल भारतीय कांग्रेस के 138वें गौरवशाली वर्ष की स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी टोंक कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने पार्टी का ध्वजा रोहण किया।

कांग्रेस के 138 गौरवशाली वर्षो पर एक विचार गोष्ठी रखी गई। वरिष्ठ कांग्रेसजनों का इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा सहित कांग्रेसजनों ने शॉल ओढ़ाकर माला पहनाकर सम्मान किया और इनके द्वारा कांग्रेस में किये गये कार्यो पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों की सराहना व्यक्त की गई।विचार गोष्ठी सम्बोन्धित करते हुए जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने कहा कि मुझे गर्व हैं कि मैं कांग्रेस परिवार का हिस्सा हॅू। उन्होंने कहा कि सत्य और अंहिसा कांग्रेस की बुनियाद हैं, सभी धर्मो का सम्मान, भाईचारा, समानता, कांग्रेस के स्तम्भ हैं। उन्होनें कहा कि आज हम सब कांग्रेसजनों को संकल्प लेना होगा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को हम जन-जन तक पहुंचायेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष रामबिलास चौधरी ने कांग्रेस स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस राष्ट्र के प्रति निष्ठा और समर्पण का प्रतीक हैं। कांग्रेस ने हमेशा से लोकतांत्रिक, संवैधानिक मूल्यों की रक्षा को अपना ध्येय माना हैं। पूर्व विधायक कमल बैरवा, सेवादल जिलाध्यक्ष अब्दुल खालिक आदि ने अपने विचार व्यक्त किये और साथ ही कार्यक्रम का संचालन जर्रार खांन ने किया।

## सार-समाचार

### 21 हजार का चैक दिया



**मालपुरा** (निस) शिक्षक दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह मे सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षक राकेश कुमार जैन नेवटा ने गुरूवार को स्वप्रेरणा से 21 हजार रूपये की राशि चैक मुख्यमंत्री विद्यादान कोष मे देकर शिक्षा के प्रति अलख जगाने का अनुकरणीय कार्य किया। राउमावि आंटोली मे आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर मे पहुंचे विकास अधिकारी सतपाल कुमावत,प्रधान सकराम चौपडा, प्रधानाचार्य नाथु लाल मीणा, शिविर डॉ. अनिल परतानी,अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बाबूलाल गुप्ता, पूर्व सरपंच ब्रजेश गुर्जर, सीआर प्रतिनिधि कन्हैयालाल गुर्जर, सीडीपीईओ हनुमान प्रसाद शर्मा, सहित प्रशासनिक अधिकारियो की गरिमामय उपस्थिति मे शिक्षक ने यह चैक अधिकारियो को सौंपा। शिविर मे मौजूद ग्रामीणो ने शिक्षक राकेश जैन की इस सोच व पहल का स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम संचालन जगदीश गुर्जर ने किया।

### 6 असामाजिक तत्वों से पूछताछ

**पावटा।** जिला पुलिस अधीक्षक कोटपुतली बहरोड रंजीता शर्मा ने बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक अपराध राजस्थान जयपुर द्वारा हार्डकोर अपराधियों व सोशल मीडिया पर उनके समर्थको के विरुद्ध कार्यवाही हेतु एक अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली नेम सिंह व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर मदनलाल के निर्देशन व प्रागपुरा थाना प्रभारी राजवीर मीणा के नेतृत्व मे प्रागपुरा थाना पुलिस टीम द्वारा कडी मेहनत व लगन से कार्य करते हुए आसूचना संकलन कर संपत्ति संबंधी अपराधी व सोशल मीडिया पर गैंगस्टरो को फॉलो करने वाले असामाजिक तत्वों, हिस्ट्रीशीटरो सहित छह अपराधियों धर्मेंद्र पुत्र श्रीराम उम्र 26 साल निवासी बडनगर, विशाल पुत्र महावीर प्रसाद उम्र 24 साल निवासी सुदरपुरा ढाढा, अमित सिंह उर्फ भीम सिंह पुत्र अशोक उम्र 25 साल निवासी ढाणी दयाराम सिंह की तन बैरी का बांध, शेखर सिंह पुत्र कप्तान सिंह उम्र 19 साल निवासी खेलना, राहुल पुत्र रामकुँवार उम्र 19 साल निवासी झीडा की ढाणी तन लाडाकाबास, शंकर पुत्र मातादीन उम्र 19 साल निवासी ललाना को डिटेन कर बाद पूछताछ गिरतार किया गया।

### कांग्रेसजनो ने मनाया स्थापना दिवस

**मालपुरा** (निस) ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कांग्रेस जनो ने गुरूवार को पार्टी का 138वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया। ब्लॉक अध्यक्ष गोगाराम जाट ने व्यास सर्किल स्थित कांग्रेस कमेटी के कार्यालय मे झण्डारोहण किया। इस अवसर पर विचारगोष्ठि का आयोजन किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी व शहर अध्यक्ष मो. इस्हाक नकवी, पूर्व डीआर किशन लाल फगोडिया, भंवर लाल चौधरी सरपंच आवडा,लावा सरपंच कमल जैन, रामलाल फोजी, देवकीनन्दन पालीवाल,धन्नालाल बैरवा,कैलाश बैरवा,अब्दुल लतीफ, मो. इस्माईल, कन्हैयालाल पटेल,रामअवतार शर्मा, एडवोकेट प्रेमचन्द सैनी,कैलाश दरोगा, कैलाश गुर्जर सहित बडी संख्या मे मौजूद कांग्रेस जनो ने अपने विचार व्यक्त कर संगठन की मजबूती पर जोर दिया।

## दूसरे दिन भी धरना जारी

**कोटपूतली।** विवाहिता की मौत के मामले में आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर चल रहा धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। गत 17 दिसम्बर को पुलिस को एक बंद दुकान फंदे से झुलती हुई एक विवाहीता की लाश मिली थी। जिसकी शिनाख्त विवाहीता सोनू देवी के रूप में हुई। विवाहीता सोनू देवी अपने पीहर विराटनगर से 14 दिसम्बर को गायब हो गई थी। जिसका शव दादुका गांव के महेन्द्र कि चाय की दुकान में फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला था।

मृतका के ससूर ने थाने में 17 दिसम्बर को 5 आरोपियों भूपसिंह जाट, मालाराम , फूलचन्द , महेन्द्र व अमित सहित अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 366, 376 डी, 302 व 120 बी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कराया। किन्तु मामले में चल रही धीमी कार्यवाही और आरोपीयों की गिरफ्तारी नहीं होने के चलते परिजन जांच अधिकारी डीएसपी मदन लाल जैफ से मिलने उनके दफ्तर पहुंचे। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जब उन्होंने मामले में नामजद आरोपीयों की गिरफ्तारी व जांच के प्रगति रिपोर्ट जाननी चाही तो डीएसपी जैफ ने आवेशित होकर उनके साथ अमर्यादित व्यवहार करते हुए कार्यालय से निकल जाने की धमकी दी। इतना ही नहीं डीएसपी ने कहा निकल जाओ मेरे ऑफिस से वरना थाने में बंद करवा दुंगा। डीएसपी के बेतुके बोल के बाद पीड़ीत पक्ष के साथ ग्रामीणों ने डीएसपी कार्यालय के बाहर रामलीला मंच पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जो गुरूवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे लोगों ने डीएसपी मदनलाल जैफ पर मामले में लिपापोती करने व आरोपीयों को बचाने के गंभीर आरोप लगाये हैं। मामले को लेकर ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन भेज कर डीएसपी मदन लाल जैफ को हटाने व आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस मनाया गया

**चौमूं / कालाडेरा** ( निसं ) गुरुवार को चौमूं शहर के कचोलिया रोड स्थित कांग्रेस विधायक कार्यालय पर विधायक डॉ.शिखा मील बराला के सानिध्य में सेंकडों पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की गौरवमई उपस्थिति में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस मनाया गया।

कांग्रेस के स्थापना दिवस के गौरवमई अवसर पर विधायक डॉ.शिखा मील बराला ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम, रियासतों का एकीकरण, राष्ट्र निर्माण, आर्थिक उदारवाद, हरित क्रांति, श्वेत क्रांति, से लेकर सूचना क्रांति तक देश की हर छोटी-बड़ी उपलब्धियों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली कांग्रेस का स्थापना दिवस हर भारतीय के लिए एक गौरवपूर्ण दिन हैं। डॉ.मील ने समस्त कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं देशवासियों को बधाई दी व बताया कि अपनी जनहितैषी व राष्ट्रवाद विचारधारा से कांग्रेस ने सदैव जनसेवा के लिए अपना सर्वस्व अर्पण किया है। देश निर्माण हो या स्वतंत्रता संग्राम, कांग्रेस का हर क्षण देश के लिए योगदान रहा हैं। इस अवसर पर डॉ.शिखा ने सभी महापुरुषों को नमन करते हुए बताया कि जिन्होंने जनता के कल्याण को सर्वोपरि रखकर कांग्रेस पार्टी की नींव रखी, उनकी निस्वार्थ सेवा और समर्पण से पार्टी आज इस शिखर पर पहुंची है। इस मोके पर ब्लॉक अध्यक्ष गिरिराज देवंदा ने सभी से जनता से जुड़े रहने व जनकल्याणकारी कार्य करते हुए जनसेवा करते रहने के लिए प्रेरित किया। ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश शर्मा ने कांग्रेस की विचारधारा से अवगत करवाते हुए सभी को कांग्रेसी विचारधारा को मजबूती के साथ जन जन तक पहुचाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नानगराम लाम्बा, नगर परिषद सभापति विष्णु सैनी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णकांत जोशी, आनंद मिश्रा, छितरमल जलुथरिया, हरिनारायण यादव, लालाराम बलेसरा, डॉ.हनुमान बराला, पार्षद धीरेन्द्र सैनी, गजानंद कुमावत, अशोक यादव, सांवरमल चौधरी, मालीराम यादव, प.स.सदस्य गोपाल गुलिया, मास्टर श्याम शर्मा, सेवादल महिला जिलाध्यक्ष प्रतिभा नुवाल, एडवोकेट बीनू शर्मा, चंद्रकला नागौरी, सरपंच प्रभुलाल यादव, रजनी मीणा, अभिषेक मोरदिया, पार्षद सायर मल सैनी, आशीष यादव, प्रहलाद गुलिया, राधे चौधरी आदि उपस्थित थे।


**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JAIPUR BENCH, JAIPUR.**

S.B. / D.B. CIVIL WRIT PETITION NO. ________ / 2024

**Application under Rule 159 of The Rajasthan High Court Rules for entering into CAVEAT**

**MAY IT PLEASE YOUR LORDSHIPS:-**

Your Lordship's humble applicants want to enter into caveat under Rule 159 of The Rajasthan High Court Rules and let nothing be done till the applicants are heard in the matter.

The particulars of the **S.B./D.B. Civil Writ Petition** which is likely to be filed are given below:-

The S.B. / D.B. Civil Writ Petition may be filed by the following persons:-

**Any Person**

The S.B. / D.B. Civil Writ Petition is likely to be filed against:-

1. **Vice Chancellor,** Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner, Jaipur (Raj.)
2. **Registrar,** Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner, Jaipur (Raj.)
3. Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner, Jaipur (Raj.)

That the S.B. / D.B. Civil Writ Petition is likely to be filed with regard to the विज्ञापन सं. श्रीक.न.कृ.वि. / अशैक्षणिक / 2023 / 04 / 1703 तथा विज्ञापन सं. श्रीक.न.कृ.वि. / अशैक्षणिक / 2023 / 04 / 1704 दिनांक 21.12.2023 issued by The Registrar, Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner inviting applications against vacant posts of चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी / प्रयोगशाला उपस्थक / कुक in the University.

That Vakalatnama on behalf of The Registrar, Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner, Jaipur (Raj.) is submitted herewith. It is, therefore, humbly prayed that nothing be done in the writ petition's till the applicants are heard.

Humble Applicants Through Counsel
**(HIMANSHU THOLIA)**
**(ADVOCATE)**
**Mob. No. 9928896947**

Raj.Samwad/C/23/12003


## कलश शोभा यात्रा निकाली

**मंडावरी ।** कस्बे में गुरुवार को भगवान श्रीराम की भव्य छवि वाली सजीव झांकी के व शंखनाद और जय श्रीराम के नारो के साथ राम में माहौल में श्री राम मंदिर में पूजित अक्षताओं की भव्य मंगल कलश यात्रा सर पर धारण कर नगर भर में धूमधाम से निकल गई। इस अक्षताओं की भव्य मंगल कलश शोभायात्रा के दौरान श्री राम भगवान व भारत माता की जीवंत झांकियो का भी प्रदर्शन किया गया।

राम मय माहौल में श्री राम मंदिर में पूजित अक्षताओं की भव्य मंगल कलश यात्रा आदर्श विद्या मंदिर प्रांगण से वहां स्थित हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना के साथ शुरू होकर मंडावरी कस्बे के विभिन्न प्रमुख मार्ग को गली चौराहे मोहल्ले आदि से निकली। ऐसे हर्षोल्लास और राम मय माहौल में मंगलवार को हनुमान मंदिर से नगर में भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई।

- **इन कलशों में रखी हुई अक्षताएं मंडावरी शहर के हर घर में दी जाएगी**

जिसमे बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर अक्षत कलश लेकर शामिल हुईं। इस यात्रा का सभी जगह स्वागत किया गया। इन कलशों में रखी हुई अक्षताएं मंडावरी शहर के हर घर में दी जाएगी। इससे पूर्व इन सभी कलशों की पूजा विधिपूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ की गई।

इस अवसर पर खंड संघ चालक भगवान सहाय शर्मा पट्टया ने कहा कि भगवान राम सबके आदर्श हैं। वे राष्ट्र निर्माता और राष्ट्र जागरण के सतत प्रेरणा स्त्रोत हैं। जब तक हम भगवान श्रीराम का आदर्श अपने सामने रखेंगे तब तक कोई भी हमारे देश, धर्म और संस्कृति को परेशान नहीं कर पाएगा। संत मदन मोहन दास महाराज पर्ण कुटि आश्रम, बालक दास महाराज, खंड संघ चालक भगवान सहाय शर्मा, कार सेवक रहे कैलाश पान वाले, कमलेश चौधरी, दामोदर चौधरी, हंसराज शर्मा जिला कुटुंब प्रबोधन, कार्यक्रम के संरक्षक मुरारी लाल गोयल, संयोजक कैलाश मीणा, कैलाश मोदी, सुरेश गुप्ता महारिया, मंडावरी कस्बे के प्रमुख मंदिरों के महंत, गिरिराज प्रसाद शर्मा, मुकेश धातारी, गौरक्षक दल के त्रिलोक गुप्ता, दाऊ शर्मा, करण सोनी, कल्पेश जांगिड़, यशवर्धन शर्मा भेडोल्या, राजमल सोनी, बनवारी लाल मीणा, जमना लाल मीणा, राजेश लाकड़ा मनीष खंडेलवाल रामचरण मीणा बाबु लाल भारद्वाज अनुज पाराशर कमल मीणा मनोज तिवारी सोमराज मिरोठा सहित कई महिला पुरुष एवं वरिष्ठ लोग अक्षत कलश शोभा यात्रा में शामिल रहे।

### उज्जैन से चैन्नई तक की साईकिल यात्रा

**मालपुरा** (निस) बिगडते पर्यावरण के स्वरूप से बिगड रहै ग्लोबल वार्मिंग तथा बिगडते स्वास्थ्य के प्रति आमजन को जागरूकता संदेश देने का संकल्प लेकर निकले मालपुरा निवासी साईकिलिस्ट एडवोकेट तिवाडी ने उज्जैन से चैन्नई तक 165० किमी. साईकिल यात्रा कर आमजन को स्वास्थ्य व पर्यावरण के प्रति किया जागरूक। साईकिलिस्ट राजेन्द्र तिवाडी ने बताया कि उनके साथ दो अन्य साथी जिला न्यायधीश प्रहलाद राय शर्मा व पंकज नरूका के साथ उज्जैन से चैन्नई तक साईकिल यात्रा करते हुए प्रतिदिन 15० किमी. का सफर तय किया। साईकिल यात्रा पर निकले तिवाडी व दोनो साथियो ने प्रदेश के 5 राज्यो महाराष्ट्र, आंध प्रदेश,तमिलनाडु, मध्यप्रदेश व तेलंगाना की यात्रा कर आमजन को पर्यावरण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

## चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण

**टोंक।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर चिकित्सा सुविधाओं को परखने के लिए गुरुवार को सीएमएचओ डॉ. एसएस अग्रवाल ने स्वास्थ्य केंद्र छान एवं डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महबूब खान मंसूरी ने स्वास्थ्य केंद्र झिलाई का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान स्वास्थ्य केंद्रों में मिली कमियों को सुधारने के लिए संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएस अग्रवाल ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की मॉनिटरिंग को सुदृढ करने के लिए गुरुवार को जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अरनिया केदार, आरसीएचओ डॉ. गोपाल जांगिड़ ने पीपलू, बीसीएमओ टोंक डॉ. धर्मराज मेहरा ने अहमदपुरा चौकी, बीसीएमओ निवाई ने पीएचसी मुंडिया एवं पीएचसी चनानी, बीसीएमओ मालपुरा ने पीएचसी टोरड़ी एवं जनता क्लिनिक, बीसीएमओ उनियारा ने पीएचसी सोप एवं बीसीएमओ देवली डॉ. जगदीश मीणा ने पीएचसी देवली गांव का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सा संस्थान में पदस्थापित कार्मिकों की समय पर उपस्थिति, दवाईयों एवं जांचों की उपलब्धता, मरीजों को दी जाने वाली गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, साफ-सफाई एवं क्षेत्र में मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दिए।


**उत्तर पश्चिम रेलवे** — खुली ई निविदा सूचना

**संख्या. डबलू/118/निविदा/वमई(सम)जयपुर/इंजी** — **दिनांक : 27.12.2023**

मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनिरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारतसंघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है।

**1. निविदा संख्या/कार्य का नाम: इंजी./जय/2023-24/100,** स. मं.इंजी (मुख्या-II) जयपुर सब डिविजन :- बस्सी- जयपुर अनुभाग में पीआरसीसी, आरसीसी, डब्ल्यू-बीम क्रैश बैरियर ओर वेल्डेड जाल पैनल बॉड्रीवॉल/बाड़ लगाना। **अनुमानित लागत**: Rs. 15,39,90,617.34 **बिड प्रतिभूति राशि**: Rs. 9,20,000.00 **2. निविदा संख्या/कार्य का नाम: इंजी./जय /2023-24/101,** वरि.मं.इजी. (दक्षिण) जयपुर अनुभागः-स.मं.इंजी. लाईन व फुलेरा उपमंडल- जयपुर-फुलेरा-मदार अनुभाग में आरसीसी पैनल और प्री कास्टिंग आरसीसी की बाड़ लगाना। **अनुमानित लागत**: Rs. 22,09,87,964.98 **बिड प्रतिभूति राशि**: Rs. 12,54,900.00 **3. निविदा संख्या/कार्य का नाम: इंजी./जय/2023-24/103,** वरि.मं.इंजी. (दक्षिण) जयपुर के अधिकार क्षेत्र में जयपुर-फुलेरा-मदार अनुभाग में डब्ल्यू-बीम क्रैश बैरियर और वेल्डेड जाल पैनल बाड लगाना। **अनुमानित लागत**: Rs. 41,76,23,148.23 **बिड प्रतिभूति राशि**: Rs. 22,38,100.00 **4. निविदा संख्या/कार्य का नाम: इंजी./जय/2023-24/104,** मं.इंजी. (पूर्व) जयपुर :- रेवाड़ी- अलवर अनुभाग में डब्ल्यू-बीम क्रैश बैरियर और रेवाडी-बस्सी अनुभाग में वेल्डेड जाल पैनल बाड़ लगाना। **अनुमानित लागत**: Rs. 43,59,92,626.71 **बिड प्रतिभूति राशि**: Rs. 23,30,000.00 **5. निविदा संख्या/कार्य का नाम: इंजी./जय/2023-24/105,** रेवाड़ी से मदार स्टेशन के बीच गति बढ़ाने के संगंध में ट्रैक के किनारे बांस की बाड़ लगाने का प्रावधान। **अनुमानित लागत**: Rs. 2,82,69,000.00 **बिड प्रतिभूति राशि**: Rs. 2,91,400.00 **6. निविदा संख्या/कार्य का नाम: इंजी./जय/2023-24/106,** जयपुर- केन्द्रीय अस्पताल की सुरक्षा हेतु बाउंड्री वाल को ऊँचा उठाने का कार्य। **अनुमानित लागत**: Rs. 93,58,186.32 **बिड प्रतिभूति राशि**: Rs. 1,87,200.00 **7. निविदा संख्या/कार्य का नाम: इंजी./जय/2023-24/107,** सहायक मण्डल इंजी. (मुख्यालय) (तृतीय) जयपुर उपमंडल पर मुख्य निर्माण निरीक्षक (दक्षिण-प्रथम) जयपुर के कार्य क्षेत्र पर केन्द्रीय अस्पताल, ऑफीसर्स रेस्ट हाउस (आल्यम, गणपति नगर एवं लॉको कॉलोनी आरओएच) इत्यादि मे सेनेटरी कार्य, सभी प्रकार के रिपेयर कार्य एवं भूमि पर वृक्षारोपण पौधे लगाना और बगीचो का विकास करना तथा उनका रखरखाव करने इत्यादि का कार्य डीएसआर-2021 के अनुसार जोन नं. 14 अवधि 01.01.2024 से 30.06.2024 के लिए जोन कार्य। **अनुमानित लागत**: Rs. 53,37,060.14 **बिड प्रतिभूति राशि**: Rs. 1,06,800.00 **8. निविदा संख्या/कार्य का नाम: इंजी./जय/2023-24/108,** स.मं.इंजी. (बॉदीकुई) जयपुरः- अलवर-बस्सी अनुभाग में डब्ल्यू-बीम क्रैश बैरियर पैनल बाड़ लगाना। **अनुमानित लागत**: Rs. 43,82,19,906.82 **बिड प्रतिभूति राशि**: Rs. 23,41,100.00 **9. निविदा संख्या/कार्य का नाम: इंजी./जय/2023-24/109,** स.मं.इंजी. (बॉदीकुई) जयपुरः- अलवर-बस्सी अनुभाग में आरसीसी की सीमा दीवार लगाना। **अनुमानित लागत**: Rs. 35,86,13,875.30 **बिड प्रतिभूति राशि**: Rs. 19,43,100.00 **10. निविदा संख्या/कार्य का नाम: इंजी./जय/2023-24/110,** मं.इंजी. (पूर्व) जयपुरः- रेवाडी-बस्सी अनुभाग में प्री कास्ट पैनल और प्री कास्ट कॉलम और अलवर-बस्सी अनुभाग में - आरसीसी की सीमा दीवार। **अनुमानित लागत**: Rs. 39,11,31,235.95 **बिड प्रतिभूति राशि**: Rs. 21,05,700.00

1. उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड-मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। 2. **निविदा संख्या इंजी./जय/2023-24-100, 101 व 103 से 110** की बन्द होने की तिथि **19.01.2024** समय **15.30** बजे एवं खुलने की तिथी **19.01.2024** समय **16.00** बजे।

AK-1342

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


### डाकघर की छत का प्लास्टर गिरा

**पावटा।** प्रागपुरा पोस्ट ऑफिस में गुरुवार को उस समय हडकंप मच गया जब पोस्ट ऑफिस की छत का प्लास्टर धमाके के साथ नीचे गिर पडा। तेज धमाके के साथ प्लास्टर गिरने के चारों तरफ धूल मिट्टी उडने लगी। प्रागपुरा पोस्ट मास्टर मनोज ने बताया कि गुरुवार दोपहर 12 बजे के करीब आधार कार्ड बनाने के लिए बडी तादाद में उपभोक्ता आए हुए थे। उपभोक्ताओं की लाइन के ऊपर भवन की छत का प्लास्टर भरभराकर गिर गया लेकिन गनीमत रही किसी को चोट नहीं लगी व बडा हादसा टल गया। पोस्टमास्टर मनोज ने बताया कि भवन के पास ही राष्ट ीय राजमार्ग की सर्विस लाइन का काम चल रहा है उस पर वाइब्रेटर चलने से भवन में कंपन होने की वजह से हादसा हुआ है। जिसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।

### शैक्षणिक भ्रमण आयोजित

**पावटा।** हंस महाविद्यालय पावटा में सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन महाविद्यालय की एनएसएस की तीनों इकाइयों का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। महाविद्यालय निदेशक पंकज बंसल एवं प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने तीनों इकाइयों को हरी झंडी दिखाकर शैक्षणिक भ्रमण के लिए महाविद्यालय से बसों के द्वारा रवाना किया।

## घटिया सामग्री लगाने का आरोप, निर्माण कार्य रुकवाया

**रामगढ पचवारा।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लालसोट विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ पचवारा उपखंड के शाहजहांनपुरा में बनाई जा रही सडक के निर्माण में ग्रामीणों ने घटिया निर्माण का आरोप लगाते हुए नाराज ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण का कार्य रुकवा दिया गया।

वही ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण में अनियमित का आरोप लगाने को लेकर कहा कि सडक निर्माण का कार्य पूरे मापदंडों में ही हो रहा है। भाजपा मीडिया प्रभारी मोतीलाल शाहजहांनपुरा ने बताया कि कोलीवाडा लिंक रोड से

- **तीन सालों से सड़क पर डामरीकरण नहीं हो रही थी**


रामगढ़ पचवारा उपखंड के शाहजहांनपुरा में बनाई जा रही सडक के निर्माण में ग्रामीणों ने घटिया निर्माण का आरोप लगाया।

शाहजहांनपुरा मुख्य गांव की ओर बन रही सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 2020-2021 में स्वीकृत हुई थी। करीब 2 किलोमीटर दूरी के लिए 22 लाख रुपए का बजट स्वीकृत होने के बाद सड़क मार्ग शुरू नहीं हुआ था। पिछले साल मिट्टी डालने समेत अन्य काम हुए थे फिर ठेकेदार ने काम बंद कर दिया था। सार्वजनिक निर्माण विभाग की ढिलाई के चलते तीन सालों से सड़क पर डामरीकरण नहीं हुआ। ग्रामीणों ने एक कार्यक्रम के दौरान विधायक रामबिलास को सड़क निर्माण की मांग की। जिसके बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से काम फिर शुरू किया गया। लेकिन सरकारी मापदंडों के अनुसार कार्य नहीं होने पर ग्रामीणों ने काम बंद करवा दिया, साथ ही मौके पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी को बुलाया। लेकिन विभाग के अधिकारी ग्रामीणों को सन्तुष्ट नहीं कर पाए। जिसके चलते अभी काम बंद पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण को लेकर सार्वजनिक निर्माण के एक्सईएन महेश मीणा को भी अवगत करवाया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी। सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता सीपी मीना ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य में कोई भी अनियमितता नहीं की जा रही है। निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता वाली निर्माण सामग्री उपयोग में ली जा रही है और तय मानकों के अनुरूप ही सड़क निर्माण कार्य हो रहा है। मैं खुद मौके पर जाकर जांच भी किया है। हम ग्रामीणों से भी समझाइए कर रहे हैं, जिससे सड़क निर्माण कार्य वापस शुरू किया जा सके। जहां कहीं सड़क डिफेक्ट हुई है उसे भी ठीक करवाया जा रहा है।

### 81 बदमाशों को दबोचा

**बहरोड़ / भिवाड़ी।** 28 दिसंबर 2023 जिला पुलिस भिवाड़ी ने महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा राजस्थान जयपुर द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत अपराधियों की धर पकड़ में उनके ठिकानों पर दबिश एवं तलाशी अभियान के तहत कार्यवाही करते पुलिस की 22 टीमों द्वारा एक साथ 67 स्थानों पर कार्यवाही करते 81 अपराधियों को गिरफ्तार किया।

वहीं पुलिस अधीक्षक योगेश दाधीच ने बताया कि अपराधियों का चिन्हीकरण तथा उनके ठिकानों और गतिविधियों की जानकारी और निगरानी के लिए सभी वृत्त अधिकारी जिला पुलिस भिवाड़ी व उनकी टीमों द्वारा तैयारी करते अपराधियों के आसूचना संकलन करने के बाद मुकेश चौधरी आरपीएस पुलिस उप अधीक्षक जिला भिवाड़ी, मनीष आरपीएस उप पुलिस अधीक्षक तिजारा के निर्देशन में जिले के सभी थाना अधिकारियों द्वारा अपनी अपनी टीमों से अपराधियों के ठिकानों पर दबिश एवं तलाशी के निर्देश दिए गए।

जिसमें गठित टीमों द्वारा पूरे भिवाड़ी जिले में अलग-अलग संदिग्ध स्थानों पर एक साथ कार्यवाही करते अपराधियों को उनके ठिकानों से सघन तलाशी करते कार्यवाही की गई।

जिसमें अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 81 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

MARUTI SUZUKI

NEXA

# YOU CANNOT MISS THIS.

Avail great **year-end offers** before the **stock runs out**.

CREATE. INSPIRE.

GRAB IT BEFORE THE PRICE HIKE IN JANUARY.



NEXA 8 INSPIRING EXPERIENCES

VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO AVAIL EXCITING OFFERS.

Scan to explore NEXA World

Scan to chat on WhatsApp

**JAIPUR: NEXA GOPALPURATONK ROAD** (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 8058499999), **NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9116032607), **NEXA MANSAROVAR** (AURIC MOTORS PH: 8929207442, 7075270752), **NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PVT. LTD. PH: 9116639102), **NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **AJMER: NEXA MAKHUPURA** (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), **ALWAR: NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424), **BHIWADI: NEXA BHIWADI CENTRAL** (FORTUNE CARS PH: 9214794313), **BHILWARA: NEXA SUKHADIA CIRCLE** (CHAMPION CARS PH: 8081133333), **BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665), **JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314), **JODHPUR: NEXA CHOPASNI ROAD** (LMJ SERVICES LTD. PH: 7230013811), **NEXA SHASTRI CIRCLE** (AURIC MOTORS PH: 8875012697), **PALI: NEXA PALI SUMERPUR ROAD** (LMJ SERVICES PVT. LTD. PH: 7230013801), **KOTA: NEXA AERODROME CIRCLE** (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), **JHALAWAR: NEXA JHALAWAR SOUTH** (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619), **NAGAUR: NEXA BIKANER ROAD NAGAUR** (SHRI MANGALAM AUTO PVT. LTD. PH: 6399292929), **BHARATPUR: NEXA BHARATPUR CENTRAL** (TM MOTORS PVT. LTD. PH: 9785838888), **SIKAR: NEXA SIKAR JAIPUR ROAD** (JAMU AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 9694412777), **SRI GANGANAGAR: NEXA GANGANAGAR NORTH** (AURIC MOTORS PH: 7412092301), **UDAIPUR: NEXA GOVERDHAN VILAS** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250, 8306300695), **NEXA CENTRAL UDAIPUR** (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), **DAUSA: NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA** (VIPUL MOTORS (P) LTD. PH: 9829560109), **CHITTORGARH: NEXA CHITTORGARH CENTRAL** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and **visit www.nexaexperience.com** to book online.

*Terms & conditions apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 31st Dec'23 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities.